दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 135 | सीकर, मंगलवार 14 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# राजस्थान हाईकोर्ट को फिर बम से उड़ाने की धमकी
## मेल में लिखा छह जिलेटिन बम लगाए, सघन तलाशी में कुछ नहीं मिला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ को सोमवार को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। हाईकोर्ट प्रशासन की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर रविवार देर रात 12 बजकर 19 मिनट पर एक धमकी भरा ई-मेल भेजा गया, जिसमें दावा किया गया कि हाईकोर्ट परिसर में 6 जिलेटिन बम लगाए गए हैं। मेल में लिखा था कि जनमानस को नुकसान पहुंचाना हमारा इरादा नहीं है, लेकिन बिल्डिंग को नुकसान होगा। सोमवार सुबह कार्यालय खुलने पर हाईकोर्ट प्रशासन ने ई-मेल देखा और तत्काल पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी। समय रहते कार्रवाई होने से कोर्ट की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही पूरे परिसर को खाली कराकर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी ली। जांच में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने के बाद सुबह करीब साढ़े 9 बजे हाईकोर्ट परिसर को खोल दिया गया और निर्धारित समय पर न्यायिक कार्य शुरू हो गया।

### नई और पुरानी दोनों इमारतों की ली तलाशी

तलाशी अभियान के दौरान हाईकोर्ट के मुख्य परिसर सत्यमेव जयते भवन सहित नई और पुरानी दोनों इमारतों की बारीकी से जांच की गई। मुख्य भवन के आसपास आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई थी। बम निरोधक दस्ते के साथ डॉग स्क्वॉड ने हर हिस्से की जांच की। एहतियात के तौर पर सिविल डिफेंस की टीम, एंबुलेंस और दमकल वाहन भी मौके पर तैनात रहे।

### अशोक नगर थाना पुलिस पहुंची मौके पर

अशोक नगर थानाधिकारी मोतीलाल शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बम निरोधक दस्ता तथा डॉग स्क्वॉड को बुलाकर पूरे परिसर की गहन तलाशी कराई गई। तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर परिसर को सुरक्षित घोषित किया गया। संदिग्ध ई-मेल की जांच साइबर विशेषज्ञ करेंगे और इस संबंध में अशोक नगर थाने में मामला दर्ज कर जांच की जाएगी। हाईकोर्ट के सुरक्षा प्रभारी एसआई ताराचंद ने बताया कि ई-मेल मिलने के बाद परिसर में मौजूद लोगों को बाहर निकालकर पूरी बिल्डिंग की जांच कराई गई। जांच पूरी होने के बाद ही लोगों को दोबारा प्रवेश दिया गया।

### साढ़े आठ महीने में 13वीं धमकी

राजस्थान हाईकोर्ट को पिछले साढ़े आठ महीने में यह 13वीं बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सबसे पहली धमकी 31 अक्टूबर 2025 को मिली थी। इसके बाद 5 दिसंबर, फिर 8, 9, 10 और 11 दिसंबर 2025 को लगातार ई-मेल भेजे गए। वर्ष 2026 में 6, 17, 19, 20 और 25 फरवरी, 17 मार्च, 13 अप्रैल और अब 13 जुलाई को फिर धमकी मिली है। लगातार मिल रही धमकियों के बावजूद अब तक किसी भी मामले में तलाशी के दौरान विस्फोटक या कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।

### बार एसोसिएशन ने जताई चिंता

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने कहा कि यदि कभी ऐसी धमकी वास्तविक घटना में बदल गई तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में साइबर सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला में भी हाईकोर्ट को लगातार मिल रही बम धमकियों का मुद्दा उठाया गया था। उस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की उपस्थिति में न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने भी कहा था कि जिस तरह स्कूल में रोज घंटी बजती है, उसी तरह हाईकोर्ट को लगातार बम धमकियां मिल रही हैं, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित होता है।



### वीपीएन के जरिए भेजे जा रहे ई-मेल!

जांच एजेंसियों का मानना है कि धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले लोग वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) जैसी तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे उनकी वास्तविक लोकेशन का पता लगाना कठिन हो जाता है। साइबर एक्सपर्ट अब ई-मेल के स्रोत और तकनीकी साक्ष्यों की जांच में जुटे हैं।

राजस्थान में पिछले कुछ समय से हाईकोर्ट के अलावा राजस्थान विधानसभा, एसएमएस स्टेडियम, स्कूलों, अस्पतालों, पोस्ट ऑफिस, पासपोर्ट कार्यालय सहित कई सरकारी और सार्वजनिक संस्थानों को भी बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं।

# बीमा पॉलिसी जारी करते समय उपभोक्ताओं को नियम व शर्तें स्पष्ट बताना अनिवार्य

**जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश की पालना में बीमा कंपनियों ने जमा करवाई अवार्ड राशि**



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनू के महत्वपूर्ण आदेशों की पालना में विभिन्न बीमा कंपनियों एवं ई-कॉमर्स कंपनी द्वारा आयोग में अवार्ड राशि जमा करवाए जाने के बाद पीड़ित 38 उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली। आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने उपभोक्ताओं को चेक वितरित करते हुए कहा कि उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी कंपनी को उपभोक्ताओं के साथ अनुचित व्यवहार करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील एवं सदस्य प्रमेंद्र कुमार सैनी ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि यदि कोई बीमा कंपनी किसी बीमा पॉलिसी को निरस्त करती है तो उसे निर्धारित विधिक प्रक्रिया का पूर्ण पालन करते हुए उपभोक्ता को उसकी स्पष्ट जानकारी देना अनिवार्य है। आयोग ने कहा कि केवल पॉलिसी निरस्त कर देना पर्याप्त नहीं है बल्कि कंपनी को यह भी साबित करना होगा कि उसने पॉलिसी निरस्तीकरण की संपूर्ण कानूनी प्रक्रिया तथा उसके कारणों से उपभोक्ता को विधिवत अवगत कराया था। आयोग ने अपने आदेश में यह भी कहा कि बीमा पॉलिसी जारी करते समय कंपनियों का यह दायित्व है कि वे उपभोक्ताओं को पॉलिसी की सभी शर्तें, नियम, अपवाद, अधिकार एवं दायित्व स्पष्ट रूप से समझाएं। यदि कंपनियां ऐसा नहीं करती हैं तो इसका प्रतिकूल परिणाम उन्हें उपभोक्ता विवाद की स्थिति में भुगतना पड़ सकता है। निर्णय में आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के एक महत्वपूर्ण फैसले का हवाला देते हुए कहा कि बीमा कंपनियां केवल अपने व्यावसायिक लाभ और मुनाफे को प्राथमिकता नहीं दे सकती। उन्हें उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और विधिसम्मत तरीके से कार्य करना होगा। आयोग के आदेशों के बाद फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के 33 उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। इसके अलावा चोलामंडलम एसएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई, इफको टोक्यो इंश्योरेंस कंपनी तथा फ्लिपकार्ट से जुड़े उपभोक्ताओं को भी आयोग के आदेशों का लाभ मिला। फ्लिपकार्ट से संबंधित 2 तथा अन्य कंपनियों से संबंधित 1-1 उपभोक्ता को राहत प्रदान की गई। आयोग के आदेश की पालना में विभिन्न कंपनियों ने अवार्ड राशि आयोग में जमा करवाई। इनमें चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने 16.88 लाख रुपएए आईसीआईसीआई ने 81,454 रुपए, इफको टोक्यो ने 3.15 लाख रुपए तथा फ्लिपकार्ट ने 1.87 लाख रुपए आयोग में जमा करवाए। इसके बाद आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने संबंधित उपभोक्ताओं को चेक सौंपकर राशि वितरित की।

इस अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, आयोग सदस्य प्रमेंद्र कुमार सैनी, रीडर महावीर मीणा, लेखा शाखा प्रभारी चंदन सैनी, मोहम्मद आदिल, अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं संबंधित उपभोक्ता उपस्थित रहे। आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी बीमा पॉलिसी को लेने से पहले उसकी सभी शर्तों को भली-भांति समझें तथा यदि किसी प्रकार की अनुचित कार्रवाई होती है तो अपने अधिकारों की रक्षा के लिए उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाने में संकोच न करें। उन्होंने बीमा कंपनियों को भी आगाह किया है कि वे उपभोक्ता को सभी शर्तें व नियम स्पष्ट रूप से बताएं।

# बैंकॉक के बार में आग, 27 मौतें

- पार्टी कर रहे 60 से ज्यादा लोग घायल
- जान बचाने के लिए लोग टॉयलेट में छिपे



**बैंकॉक.** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में रविवार देर रात एक बार में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। थाई अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली के सिस्टम में खराबी हो सकती है। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग लगने की वजह की जांच अभी जारी है। फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने कहा कि उन्हें रात 12 बजे आग लगने की सूचना मिली। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक इमारत का बड़ा हिस्सा जल चुका था। घटनास्थल पर मौजूद एक म्यूजीशियन ने बताया कि बिजली जाने से कुछ देर पहले मंच के पास लगे सर्किट ब्रेकर से धुआं निकलता दिखाई दिया था। इसके बाद एक धमाके की आवाज आई और देखते ही देखते पूरे पब में धुआं भर गया। उन्होंने बताया कि कई लोग जान बचाने के लिए इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद टॉयलेट में घुस गए, जहां पर दम घुटने से उनकी मौत हो गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीराकुल ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सभी शव बरामद किए गए हैं।

### आग पर आधे घंटे में काबू, लेकिन तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था

रिपोर्ट्स के मुताबिक दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था। यह बार बैंकॉक के चातुचक जिले में स्थित है। स्थानीय स्तर पर इसे रोंग बीयर ना लाट फाओ नाम से जाना जाता है। यह इलाके का लोकप्रिय रेस्तरां और मनोरंजन स्थल माना जाता है। आग बुझने के बाद की तस्वीरों में बार के बाहर बड़ी संख्या में बॉडी बैग रखे दिखाई दिए। पूरे इलाके को पुलिस ने घेर लिया। अंदर का फर्नीचर, दीवारें और छत पूरी तरह काली पड़ चुकी थीं। छत के कुछ हिस्से भी उखड़ गए।

### गवर्नर बोले- सजावट से तेजी से फैली आग

बैंकॉक के गवर्नर चाडचार्ट सितिपुंत ने कहा कि पब की छत पर लगी ज्वलनशील सजावट की वजह से आग तेजी से फैली हो सकती है। उन्होंने बताया कि इमारत के आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) के पास कुछ लोग बेहोश मिले हैं। इससे आशंका है कि बाहर निकलने का रास्ता किसी तरह बाधित था। हालांकि, उन्होंने कहा कि इन बातों की पुष्टि फॉरेंसिक जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। मोटरसाइकिल चालक सुरिन जाइहार्न ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि उसने जलते हुए पब से करीब पांच लोगों को बाहर निकलने में मदद की। उसने उनके शरीर पर लगी आग कपड़ों की मदद से बुझाई। सुरिन ने कहा, मैं बहुत दुखी हूं। मैंने कई लोगों को मरते देखा। जिन लोगों की मैंने मदद की, उनका क्या हुआ, मुझे नहीं पता। फायर ब्रिगेड को सूचना देने वाले एक ड्राइवर ने थाई अखबार डेली न्यूज को बताया कि उसने दो लोगों को बचाने के लिए पब की खिड़कियां तोड़ दी थीं।

# जून में लगातार छठे महीने महंगाई बढ़ी

नई दिल्ली।

आलू-अदरक समेत खाने-पीने की चीजों के दाम फिर बढ़ने से रिटेल महंगाई लगातार छठे महीने बढ़ी है। जून में यह 4.38% पर पहुंच गई है। जनवरी में यह 2.74% थी। वहीं एक महीने पहले मई में 3.93% थी। यानी, यह लगातार छठा महीना है जब महंगाई बढ़ी है। वहीं जनवरी 2025 के बाद यह पहला मौका है जब महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 4% के मिड टारगेट के पार निकल गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार 13 जनवरी को महंगाई के ये आंकड़े जारी किए हैं।

**फूड इंफ्लेशन जून में बढ़कर 5.32% पर पहुंची**-खाने-पीने के सामानों की महंगाई यानी फूड इंफ्लेशन जून में बढ़कर 5.32% पर पहुंच गई है। मई में यह आंकड़ा 4.38% पर था।

**महंगाई बढ़ने से ब्याज दरें बढ़ने की आशंका**-भले ही मौजूदा महंगाई अभी भी आरबीआई के 2% से 6% के टॉलरेंस बैंड के भीतर है, लेकिन कीमतों में आगे और बढ़ोतरी केंद्रीय बैंक को ब्याज दरें बढ़ाने के लिए मजबूर कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो आने वाली तिमाहियों में देश की आर्थिक ग्रोथ पर असर पड़ सकता है।



जून में ही आरबीआई ने अल नीनो परिस्थितियों के कारण कम मानसून की आशंका और बढ़ती एनर्जी कीमतों के दोहरे रिस्क को देखते हुए अपने महंगाई के अनुमान को 4.6% से बढ़ाकर 5.1% कर दिया था।

# पशु चिकित्सक व पशुधन निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार


निसं

जयपुर (नवयत्न)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सोमवार को ऊंट संरक्षण योजना के तहत अनुदान राशि जारी कराने के नाम पर रिश्वत मांगने के मामले में जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ स्थित राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में ट्रैप कार्रवाई करते हुए एक पशु चिकित्सक और एक पशुधन निरीक्षक को गिरफ्तार किया। आरोपितों ने दो आवेदनों के सत्यापन, टैगिंग और ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर अनुदान राशि खातों में डलवाने की एवज में 4 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। इनमें से 1000 रुपए पहले ऑनलाइन ले चुके थे जबकि शेष 3000 रुपए लेते समय एसीबी ने दोनों को दबोचा। एसीबी की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी हेल्पलाइन पर मिली शिकायत में परिवादी ने बताया था कि उसने और उसके भाई ने राज्य सरकार के पशुपालन विभाग की ऊंट संरक्षण योजना के तहत आवेदन किया था। योजना के अनुसार गर्भवती ऊंटनी के संरक्षण के लिए प्रसव पूर्व तथा प्रसव के बाद ऊंटनी और उसके बच्चे (टोडिये) के लिए 10-10 हजार रुपए की दो किश्तों का अनुदान दिया जाना था। शिकायत के अनुसार राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय, मोहनगढ़ में पदस्थापित डॉ राघव डोई और पशुधन निरीक्षक सोनू रैगर ने दोनों भाइयों के आवेदनों का सत्यापन, ऊंटनी और उसके बच्चे की टैगिंग तथा आवेदन ऑनलाइन कर अनुदान राशि बैंक खातों में डलवाने के बदले प्रति आवेदन 2 हजार रुपएए यानी कुल 4 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। आरोप है कि पशुधन निरीक्षक सोनू रैगर ने पहले ही फोन-पे के माध्यम से 1000 रुपए प्राप्त कर लिए थे। शिकायत का सत्यापन होने के बाद एसीबी रेंज जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस नारायण टोगस के सुपरवीजन में बाड़मेर एसीबी इकाई ने ट्रैप की कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को मोहनगढ़ पशु चिकित्सालय में जाल बिछाया।

इस कार्रवाई के दौरान आरोप है कि डॉ राघव डोई के कहने पर पशुधन निरीक्षक सोनू रैगर ने परिवादी से शेष 3000 रुपए रिश्वत के रूप में प्राप्त किए और अपने पहने हुए लोअर की जेब में रख लिए। इसी दौरान एसीबी टीम ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत की 3000 रुपए की राशि सोनू रैगर के कब्जे से बरामद कर ली गई। एसीबी अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है।



## कोबरी-सार



# उत्कृष्ट बीमा व्यवसाय करने वाले अभिकर्ताओं का हुआ सम्मान



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** भारतीय जीवन बीमा निगम की नोखा शाखा में सोमवार को मंडल कार्यालय से पधारे मार्केटिंग मैनेजर गुलाब सिंह चौधरी एवं प्रोडक्ट मैनेजर संदीप भाटिया का शाखा परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट बीमा नव व्यवसाय करने वाले विकास अधिकारियों, मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों एवं अभिकर्ताओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। शाखा प्रबंधक पवन सारण ने बताया कि मार्केटिंग मैनेजर गुलाब सिंह चौधरी ने अभिकर्ताओं को भारतीय जीवन बीमा निगम की विभिन्न योजनाओं एवं नवीन उत्पादों की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राहकों की आवश्यकता के अनुरूप बेहतर सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया। वहीं प्रोडक्ट मैनेजर संदीप भाटिया ने भी विभिन्न बीमा योजनाओं की विशेषताओं एवं व्यवसाय विस्तार के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में शाखा परिसर में पौधरोपण किया गया तथा ग्रीन शाखा अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सहायक शाखा प्रबंधक भागीरथ मेहरड़ा, प्रशासनिक अधिकारी उत्तम सिंह सोढ़ा, ऋतु कटावा, रामनिवास तरड़, कपिल आचार्य, रजत मौर्य, ताराचंद बड़गुजर, राजेंद्र पंडित, राकेश, सूरज खत्री, अभिषेक छाबड़ा, ओम प्रकाश हंस, प्रयांश शर्मा सहित अनेक विकास अधिकारी एवं अभिकर्ता उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब झुंझुनू जीवन ने विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** लायंस क्लब झुंझुनू जीवन द्वारा प्रेरणास्रोत एमजेएफ लायन डॉ जेसी जैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बसंत विहार में स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 75 विद्यार्थियों को उपयोगी स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रायोजक क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एडवोकेट वीरेंद्र सिंह चाहर रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ मुकेश एस. मूंड ने विद्यार्थियों को डॉ जेसी जैन के प्रेरणादायी व्यक्तित्व, लायंस क्लब की सेवा गतिविधियों एवं समाजसेवा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार एवं सेवा भाव अपनाने का संदेश भी दिया। क्लब अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत आज मंगलवार को गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम लायन डॉ संगीता मूंड के आर्थिक सहयोग से संपन्न होगा, जिसमें गौशाला में गोवंश को हरा चारा एवं पौष्टिक आहार अर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में सचिव लायन ओमप्रकाश मूंड, कोषाध्यक्ष लायन रामअवतार सिंह रेपसवाल, लायन एडवोकेट वीरेंद्र सिंह चाहर, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर, लायन रणधीर सिंह डूडी द्वितीय उपाध्यक्ष तथा लायन रामकुमार झाझड़िया सहित क्लब सदस्य एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# ट्रक से 291 कार्टन हरियाणा निर्मित अवैध शराब जब्त

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सादुलपुर पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि आईपीएस अभिजीत पाटिल के सुपरविजन में पुलिस और डीएसटी टीम को अवैध हरियाणा निर्मित शराब की तस्करी की सूचना मिलने पर एनएच-52 पर गगोर गांव के पास नाकाबंदी की। संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में हरियाणा निर्मित अवैध शराब मिली, जिसे तुरंत जब्त कर लिया गया। ट्रक से 291 कार्टन हरियाणा निर्मित अवैध शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप निवासी चानाणा छोटा, थाना सिद्धमुख के रूप में हुई है। जब्त की गई शराब विभिन्न ब्रांडों की है जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में शराब की खेप हरियाणा से लाई गई थी और इसे गुजरात पहुंचाया जाना था, इस संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियों और पूरे नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

# रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन की नई अध्यक्ष बनी रानू श्रीवास्तव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन के रोटरी वर्ष 2026-27 का स्थापना एवं पदस्थापन समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। समारोह में रोटेरियन रानू श्रीवास्तव ने अध्यक्ष और रोटेरियन योगेश बंसल ने सचिव पद की जिम्मेदारी संभाली। मुख्य अतिथि रोटेरियन दीपक सुखाड़िया डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट, जिला 3056 तथा विशिष्ट अतिथि पीडीजी रोटेरियन अजय काला रहे। अध्यक्ष रानू श्रीवास्तव ने अपने विज़न में ग्रामीण राजस्थान में बाल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, चिकित्सा सहायता, वृक्षारोपण और सामुदायिक सेवा को प्राथमिकता देने की घोषणा की। उन्होंने जिला 3056 के साथ बेहतर समन्वय के साथ सेवा कार्यों को गति देने का संकल्प भी व्यक्त किया। पीडीजी अजय काला ने रोटरी क्या है और रोटरी के लाभ विषय पर संबोधित करते हुए क्लब के इतिहास और रोटरी आंदोलन में उसके योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि दीपक सुखाड़िया ने क्लब को समाजहित में प्रभावी प्रोजेक्ट संचालित करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान क्लब के प्रमुख आयोजन एसएएफजीएआर जयपुर एशिया गोल्फकप टूर्नामेंट की ब्रोशर का विमोचन भी किया गया। टूर्नामेंट संयोजक रोटेरियन अतुल पोड्दार ने बताया कि प्रतियोगिता से प्राप्त अधिशेष राशि बाल शिक्षा के लिए समर्पित की जाएगी। कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं निदेशकों ने शपथ लेकर आगामी वर्ष में समर्पित भाव से सेवा कार्य करने का संकल्प लिया।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा का शुभारम्भ : रामेश्वरम-मदुरै के लिए स्पेशल ट्रेन को देवस्थान मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग की महत्वाकांक्षी वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। योजना के तहत रामेश्वरम और मदुरै के लिए पहली विशेष ट्रेन जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रवाना की गई। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने रिबन काटकर और हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर स्टेशन परिसर भजनों, धार्मिक जयकारों और श्रद्धालुओं के उत्साह से गुंजायमान रहा। दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर आयोजित समारोह में देवस्थान मंत्री ने यात्रा पर जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री कुमावत ने कहा कि रामेश्वरम





की यात्रा का अवसर मिलना ईश्वर की विशेष कृपा और पूर्व जन्मों के पुण्यों का फल है। उन्होंने कहा कि उन्हें स्वयं भी अब तक रामेश्वरम में दर्शन का अवसर नहीं मिल पाया है जबकि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को यह सौभाग्य मिला है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के बुजुर्गों को बिना किसी आर्थिक चिंता के सम्मानपूर्वक तीर्थ यात्रा का अवसर उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने केवल सरकार नहीं चलाई, बल्कि हर राजस्थानी परिवार के बेटे का दायित्व निभाया है। मंत्री ने यात्रियों से रामेश्वरम पहुंचकर प्रदेश की खुशहाली, अच्छी वर्षा, किसानों की समृद्धि, गौ-संरक्षण और देश की उन्नति के लिए प्रार्थना करने का आग्रह भी किया। पहली तीर्थ यात्रा ट्रेन में राजस्थान के चार जिलों के 970 वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। इनमें जयपुर जिले के 161, कोटपुतली-बहरोड़ के 177, धौलपुर जिले के 213 तथा झालावाड़ जिले के 419 श्रद्धालु यात्रा कर रहे हैं। धौलपुर और झालावाड़ के श्रद्धालु सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार हुए। ट्रेन 15 जुलाई को रामेश्वरम पहुंचेगी, जहां यात्रियों का एक दिन का प्रवास रहेगा। इसके बाद 16 जुलाई को सभी श्रद्धालुओं को मदुरै ले जाकर प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। यात्रा पूरी करने के बाद विशेष ट्रेन 20 जुलाई को जयपुर लौटेगी। देवस्थान मंत्री ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत आगामी विशेष ट्रेनें 20 जुलाई को अजमेर, 24 जुलाई को जोधपुर तथा 30 जुलाई को उदयपुर से रामेश्वरम-मदुरै के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर मंत्री जोराराम कुमावत ने नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन के लिए हवाई यात्रा का कार्यक्रम भी जारी किया। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई से 22 सितंबर 2026 तक प्रतिदिन नई दिल्ली एयरपोर्ट से 44 वरिष्ठ नागरिकों को विमान के माध्यम से काठमांडू भेजा जाएगा। इस अवधि में कुल 2860 वरिष्ठजन पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करेंगे। शेष चयनित यात्रियों को दिसंबर माह में नेपाल भेजा जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। 970 श्रद्धालुओं के साथ 30 सरकारी कर्मचारियों का दल भी यात्रा पर भेजा गया है, जिससे ट्रेन में कुल 1000 यात्री हैं। दल में ट्रेन प्रभारी, अनुदेशक और चिकित्सा कर्मी शामिल हैं। यात्रा के दौरान बुजुर्गों के खान-पान, स्वास्थ्य जांच तथा आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए चौबीसों घंटे व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल, महामंत्री रेखा राठौड़, नवरत्न नाराणिया, सुरेंद्र पूर्व वंशी, आईआरसीटीसी के सीआरएम मुकेश सैनी, मैनेजर प्रदीप माहेश्वरी, देवस्थान विभाग जयपुर प्रथम के सहायक आयुक्त रतनलाल योगी, जयपुर द्वितीय के सहायक आयुक्त महेंद्र देवतवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के परिजन उपस्थित रहे।

# लंबे इंतजार के बाद मिला नया अधिशासी अधिकारी, सीताराम मीणा ने संभाला पदभार

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** लंबे समय से अधिशासी अधिकारी के पद पर नियमित अधिकारी का इंतजार कर रही राजलदेसर नगर पालिका को आखिरकार नया अधिशासी अधिकारी मिल गया। सीताराम मीणा ने सोमवार को राजलदेसर नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। उनके कार्यभार संभालते ही कस्बेवासियों में गाँव की मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर नई उम्मीद जगी है। पदभार ग्रहण करने के बाद अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता कस्बे में साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करना, जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान, नियमित कचरा संग्रहण, नालों की सफाई तथा आमजन को



बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना रहेगी।

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि कस्बेवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए नगर पालिका स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जाएगा तथा पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। सीताराम मीणा ने कहा कि नगर पालिका आमजन की संस्था है और प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा। लोगों की शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कस्बेवासियों से भी अपील की कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए वे नगर पालिका का सहयोग करें तथा स्वच्छता बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि कस्बे की सड़कें, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता, रखरखाव और अन्य आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। नगर पालिका की सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के लिए कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर टीम भावना से कार्य किया जाएगा। कस्बेवासियों को उम्मीद है कि नए अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका की कार्यप्रणाली में गति आएगी और लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होगा। साथ ही विकास कार्यों में तेजी आने तथा नागरिक सुविधाओं में सुधार देखने को मिलेगा।

# विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ (एसटीएफआई) के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तारानगर सीबीईओ बबलेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। संघ ने ज्ञापन में बताया कि संवेदनाओं को दरकिनार कर शिक्षकों को तबादलों के नाम पर प्रताड़ित कर शिक्षकों व शिक्षा विभाग में भय पैदा किया जा जा रहा है। अच्छा कार्य करने वाले, असाध्य रोग से ग्रसित व विधवा, दिव्यांगों को दुरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित कर चहेतों को लगाया जा रहा है जो स्थानांतरण नीति के खिलाफ है। संघ ने पक्षपात न कर शिक्षा विभाग में स्थानांतरण नीति के अनुसार ही तबादले करने,, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण स्थाई नीति अनुसार करने व विद्यालयों में विभिन्न विषयों के रिक्त पदों को भरने की मांग की। इस अवसर पर प्रांतीय प्रतिनिधि लिखमाराम नायक, लुणाराम खरड़िया, हवासिंह मोगा, इंद्राज स्वामी, विजयसिंह जाखड़, चन्द्रशेखर कस्वां, ओमप्रकाश गोस्वामी, विनोद कस्वां, प्रहलाद सहु, गोपीराम कस्वां, अविनाश, राजेन्द्र धेतरवाल, मांगीलाल गौड़, मदन सहारण, सुभाष सैनी आदि शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# तहसीलदार टाक सहित तीन अधिकारियों को ससम्मान दी विदाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के तहसीलदार चन्द्रशेखर टाक व नोखा नायब तहसीलदार छैलसिंह राठौड़ और पांचू उप तहसील के उप तहसीलदार सुरेश डारा का स्थानान्तरण हो जाने के कारण रविवार देर सांय तहसील स्टाफ पटवारियों, भू अभिलेख निरीक्षकों द्वारा भव्य विदाई समारोह एंव रात्रि भोज का आयोजन किया जाकर इनका साफा एवं माल्यापर्ण करके स्वागत किया गया और इनके कार्यकलापों व मधुर व्यवहार की प्रशंसा की। नोखा तहसीलदार चन्द्रशेखर टाक का करीब 2 वर्ष का लम्बा कार्यकाल रहा। इन्होंने यहाँ तहसीलदार पद के कार्य के साथ-साथ नोखा उपखण्ड अधिकारी, नोखा उप पंजीयक अधिकारी, नोखा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी, कृषी मण्डी समिति के प्रशासक, पंचायत समिति आदि विभागों का कार्य करने का अवसर मिला। इतने लम्बे समय में इनको धरना प्रदर्शनों आदि कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ा लेकिन इन्होंने अपनी सूझ बूझ सभी में सफलता पाई। तहसीलदार टाक ने अपने सहयोगियों, तहसील स्टाफ पटवारियों, गिरदावरों, मंत्रालय कर्मचारियों के साथ टीम भावना व मधुर व्यवहार के साथ कार्य करते हुए सभी का दिल जीत लिया था। नोखा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन्होंने अच्छी साख छोड़ी है। आमजन के राज कार्यों को करते हुए राहत पहुंचाने में कही कोई कमी नहीं छोड़ी। समारोह में उपस्थित रहे सेवानिवृत भू अभिलेख निरीक्षक एंव राजस्थान पेंशनर समाज के अध्यक्ष इन्द्रचन्द मोदी ने प्रेसनोट जारी करते हुए कहा कि अच्छी छाप छोड़ कर जाने वालों को दुनिया याद करती है आज टाक नोखा में सफलता पूर्वक कार्य करके जा रहे हैं उन्हें लोग याद करते रहेंगे। ?अपने स्वागत समारोह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार चन्द्रशेखर टाक ने कहा कि मैने जो भी कार्य किया है उसका श्रेय मेरे सह कर्मियों पटवारियों, भू अभिलेख निरीक्षकों और कार्मिकों को जाता है। पिछले दिनों ही नोखा उपखण्ड अधिकारी निधि उड़सरिया ने कार्य भार संभाला था जो समारोह में राजस्व परिवार के मुखिया के रूप में उपस्थित थी। तहसीलदार टाक ने अपने निराले ढंग से पटवारियों, भू अभिलेख निरीक्षकों आदि का एक-एक नाम लेते एंव उनके कार्य कलापों को गिनाते-गिनाते उनकी प्रशंसा करते हुए उपखण्ड अधिकारी को परिचय करवाते रहे बीच-बीच में हंसी मजाक और एक्शन करके समारोह को खूबसूरत बनाते रहे। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी निधि उड़सरिया मुस्कराती रही।

तहसीलदार टाक ने स्टाफ से कहा कि इतने लम्बे समय में जाने अनजाने एंव राज कार्य के दौरान कुछ कहा गया हो जिसके कारण आपको तकलीफहुई हो तो मैं क्षमा प्रार्थी हूँ। उपखण्ड अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मेरा नोखा स्थानान्तरण हुआ तब मैने सोचा कि चन्द्रशेखर वहाँ तहसीलदार है जिनके साथ पूर्व में जसरासर में कार्य किया हुआ है उनका सहयोग मिलेगा लेकिन आप तो अब जा रहे हो। इन्होंने स्टाफ से कहा कि जिस प्रकार तहसीलदार को सहयोग देते रहे है उसी भांति राज कार्यों में सहयोग करते रहें। तीनों अधिकारियों ने स्टाफ का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन भू अभि. निरीक्षक सोमेश्वर प्रजापत ने किया। उपखण्ड अधिकारी निधि उड़सरिया ने कहा अच्छी छाप छोड़कर जाने वालों को लोग याद करते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पौधरोपण अभियान आयोजित

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के ठाडेशवर मंदिर परिसर में सोमवार को देवनारायण सेवा समिति की ओर से पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए मंदिर परिसर में पौधरोपण कर नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया। महंत जसनाथ महाराज ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए। अभियान के दौरान मंदिर परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों



के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करने पर भी जोर दिया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में नेतराम दुधवा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर इनके संरक्षण में भूमिका निभानी चाहिए। पृथ्वी पर पेड़-पौधे लगातार कम हो रहे है, जिसके चलते पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान ग्रामीणों ने वृक्षारोपण कर गांव के वातावरण को शुद्ध व छायादार बनाने के लिए ग्रामीणों को पौधों की रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई है उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक गांव में टीम द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने लगाए गए 65 पौधौ की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस मौके महंत जसनाथ, भोलानाथ महाराज, रमेश कुमार, ताराचंद, धर्मवीर गुर्जर, मुंशीराम, देवनारायण सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर, ईश्वर सिंह, विक्रम, राकेश खटाना, सुनील, दिलीप, भोजराज, विक्रम, रामकिशन, शेर सिंह, भूप सिंह, अजय, विजय, विकास, विनोद भरगड, पूरणमल, अनिल तंवर, शीशराम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# किसानों को 6 घंटे नियमित बिजली देने की मांग

**बुगाला (नवयत्न)।** क्षेत्र में कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से किसानों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए किसान नेता सुभाष बुगालिया ने किसानों को प्रतिदिन कम से कम 6 घंटे नियमित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने की मांग उठाई है। बुगालिया ने कहा कि राज्य सरकार ने तो 6 घण्टे के आदेश दे रखे हैं परंतु बुगाला जीएसएस से पूरी बिजली नहीं दी जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि अब बारिश हो गई है। क्षेत्र में बारिश की कमी है। वर्तमान में अनियमित और कम समय के लिए बिजली मिलने से किसान समय पर फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे खरीफ फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने राज्य सरकार और विद्युत विभाग से मांग की कि कृषि कनेक्शनों पर प्रतिदिन कम से कम 6 घंटे नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराई जाए ताकि किसान समय पर सिंचाई कर सकें और उनकी फसलें प्रभावित न हों। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# जल निकासी समस्या को लेकर वार्डवासियों ने पालिका का किया घेराव



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नंबर 33 में लंबे समय से नालियों के गंदे पानी एवं बरसाती पानी की निकासी की समस्या से परेशान वार्डवासियों का सोमवार को आक्रोश फूट पड़ा। समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर बड़ी संख्या में वार्डवासी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नगर पालिका का घेराव कर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वार्डवासियों ने बताया कि वे कई बार नगर पालिका प्रशासन को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण आमजन का आवागमन प्रभावित हो रहा है तथा गंदगी और बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। इस दौरान वार्डवासियों ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए अधिशासी अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की और लिखित ज्ञापन देकर शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन प्राप्त होने के बाद अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुंचे और उस स्थान का निरीक्षण किया, जहां नालियों एवं बरसाती पानी का जमाव होता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष जब्बार खोखर, इकबाल चेजारा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मेघवाल, मोहम्मद शरीफ छींपा, इदरीश खत्री, विनोद सैनी, सदाम, फारूक सिका, सिवा राणा, राकेश, प्रताप सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# यमुना जल वंदन यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों का हुआ अभिनंदन




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा पदाधिकारियों के हथिनीकुंड से पावन यमुना जल लेकर लौटने पर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को स्वागत व अभिनंदन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती व जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में यात्री दल पदाधिकारियों का यमुना का पानी प्रतिकात्मक रूप से जिले में लाने पर अभिनंदन किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम में महेश शर्मा, रमेश जलधारी, जितेंद्र खीचड़, महेंद्र नारनौलिया, मनोज जांगिड़, प्रभुसिंह गोगावास, मूलचंद रणवां, राजेश रोलन, रामवतार रूथला आदि मंचस्थ रहे। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि यमुना का पानी लाने पर इसकी पूजा की गई। कार्यकर्ताओं के साथ पवित्र यमुना का पानी पौधों में डाला गया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शेखावाटी के लोगों की वर्षों की मांग को पूरा किया है। शीघ्र ही यमुना का पानी जिले के लोगों को मिलने लगेगा। कहा कि यमुना के पवित्र जल को मंडलों में भेजा जाएगा और मंडलों से बूथों तक पहुंचाया जाएगा। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज पर किये अवलोकन के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि उन्होंने बैराज के अधिकारियों से शेखावाटी तक यमुना का पानी पहुंचने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कहा कि यमुना का पानी सीकर लाने के लिए राजस्थान सरकार ने यहां पर कार्यालय खोलने के साथ ही अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी है। कहा कि इससे यह साबित होता है कि भाजपा जो कहती है वह करके भी दिखाती है। स्वागत,, वंदन व अभिनंदन कार्यक्रम में मंचस्थ पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने यमुना का पानी शेखावाटी में लाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए उन्हें भागीरथ की संज्ञा दी। इस दौरान नेमीचंद कुमावत, जितेंद्र कांरगा, रामवतार बड़सरा, प्रभुसिंह सेवद, डॉ अर्चना पुरोहित, श्रीहरि बियानी, विनोद मीणा, अशोक चौधरी, विकास भास्कर, वरूण कुशलेश शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, श्रवण मूंड, गुलाब धींवा, इंद्र शर्मा, महेश सबल, धीरज कौशिक, जितेंद्र बाजिया, रामनिवास गुर्जर, डॉ बीएल रणवां, मोहन मावलिया, गौतम चनेजा, ओमेंद्र चारण, राजू गुर्जर, अनुराधा, मोहन गुर्जर, त्रिभुन सिंह, जितेश शर्मा, जयसिंह त्रिलोकपुरा आदि मौजूद रहे।

# दिवंगत पुत्र की जयंती पर किया पौधरोपण



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला मुख्यालय पर स्थित अमर शहीद करणीराम रामदेव स्मारक में दिवंगत सत्येंद्र झाझड़िया की जयंती पर दीपिका नर्सरी सोलाना के सौजन्य से वृक्षारोपण एवं वृक्षवितरण किए गए। स्मारक संयोजक विजयगोपाल मोटसरा ने बताया कि होशियार सिंह ठेकेदार ने अपने स्वर्गीय सुपुत्र की जयंती पर पार्क में 28 पुष्पदार, फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए तथा आगंतुक मेहमानों को 50 फलदार पौधे वितरण किए। वकील विजयहिन्द जालिमपुरा ने बताया कि कार्यक्रम उपभोक्ता प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज मील, पुलिस उपअधीक्षक गोपाल ढाका, कृषि वैज्ञानिक डॉ हनुमान प्रसाद, पीआरओ हिमांशु सिंह, ताराचंद गुप्ता एवं हरिराम महन के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों एवं आगंतुकों ने दोनों शहीद एवं दिवंगत सत्येंद्र के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं अपने विचार व्यक्त करते हुए होशियार सिंह ठेकेदार को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण का संवर्धन हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी एवं जवाबदेही है और ऐसे विशेष अवसर पर वृक्षारोपण एवं वितरण जैसा परमार्थ का कार्य आमजन के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर मनफूल बिजारणियां, हरिराम चंदवा, सुरेश जाखड़, महेंद्र नेहरा, भागीरथ झाझड़िया, रामकुमार झाझड़िया, सुमेर झाझड़िया, बूटीराम मोटसरा, शिवकरण जानू, मनीराम कुलहरी, अमीलाल मुंड, डॉ मुकेश एस मुंड, रामस्वरूप गजराज, बनवारी दूधवाल, अधिवक्ता विजयपाल कसवां और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# गिरधारीलाल पारीक का किया स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक का स्थानान्तरण हो गया है। इसके बाद उनका स्वागत सत्कार करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। अनेक निवर्तमान पार्षदों ने उनका माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इसी क्रम में गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने माल्यार्पण कर गिरधारीलाल पारीक का स्वागत किया। बैदी ने बताया कि बारिश और आपदा के समय पारीक का कार्य और प्रयास जनता को राहत देने के लिए काफी सराहनीय रहे। इनकी सेवाओं को याद किया जायेगा। आपको बता दें कि अर्जुनलाल को यहां पर तहसीलदार के रूप में लगाया गया है। जबकि गिरधारीलाल पारीक को कालवाड़ लगाया गया है।

# लाडो के जन्मदिवस पर किया पौधरोपण



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** महावीर पार्क कलेक्ट्रेट में वीर अध्यक्ष सत्यदेव दड़िया के नाना बनने पर (लाडो पुत्री आईएस सचिन जायसवाल) के जन्म दिवस पर महावीर पार्क में 25 पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष मनोज मील एवं सूचना अधिकारी वीर हिमांशु सिंह के सानिध्य में संस्था संरक्षक डॉक्टर जे पी बुगालिया के हाथों से वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उपाध्यक्ष वीर डॉक्टर रजनीश माथुर, उपाध्यक्ष वीर गोविंद कुमावत, वीर पवन कुमावत, वीर नितिन अग्रवाल, सचिव वीर पुष्कर दत्त जांगिड़, वीरा प्रियंका लांबा, वीर एडवोकेट रविंद्र लांबा, वीर मदन सिंह प्रेमी, डॉक्टर निमिष माथुर, होशियार सिंह, लीलाधर, विकास आदि ने वीर सत्यदेव दड़िया को नाना बनने पर केक काटकर शुभकामनाएं प्रेषित की। यह सुंदर पार्क सत्येंद्र सिंह पुत्र होशियार सिंह सोलाना नर्सरी की मेहनत से निर्माण किया गया था।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** बनवास के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता सतीश गजराज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र पुहानियां ने की जबकि छोटू प्रधान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सिंघाना की टीम ने इस्लामपुर को 3 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया, वहीं उपविजेता इस्लामपुर की टीम रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतीश गजराज ने खिलाड़ियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज नशे की लत युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को भी नशा करने वालों का प्रोत्साहन करने के बजाय उन्हें इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 30 टीमों ने भाग लिया। आयोजन समिति की ओर से विजेता टीम को 15 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 7100 रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में संजय सैनी को मैन ऑफ द सीरीज तथा मोनू सैनी को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया। समारोह में मधुसूदन, जगमोहन सैनी, प्रदीप गुर्जर, सोनू जांगिड़, प्रवीण यादव, लक्की स्वामी, मनोज कुमार, महेश कुमार, विश्वास कुमार, दिव्यांश सिंह, योगेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# सोनी अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान के जिला अध्यक्ष बने

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज विकास एवं शोध संस्थान ने नवलगढ़ निवासी समाजसेवी एवं साहित्यकार रमाकांत सोनी को झुंझुनू जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार राजपूत,, प्रदेश अध्यक्ष तुलसीराम सोनी, प्रदेश महासचिव दिनेश सोनी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मिरिंडया की सर्वसम्मति से की गई। शब्दाक्षर साहित्यिक संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दयाशंकर जांगिड़ तथा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार जांगिड़ ने बताया कि रमाकांत सोनी एक कुशल रचनाकार, कर्मठ कार्यकर्ता, समाजसेवी और साहित्यकार हैं। उनकी अब तक तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा उनकी रचनाओं का प्रसारण आकाशवाणी से भी होता रहा है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रमाकांत सोनी ने कहा कि वे संगठन को जिले में मजबूत बनाने के साथ समाज के हितों की रक्षा और सामाजिक सेवा के कार्यों को प्राथमिकता देंगे तथा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी, द्वारका प्रसाद सोनी, काशीप्रसाद सोनी, संत कुमार सोनी, नंदलाल सोनी, विनोद सोनी, सुहित पाडिया, मनोज कुमार रूनला, पंकज शाह, डॉ मीनाक्षी जांगिड़, डॉ मनीष, डॉ शिखरचंद जैन, मेजर डीपी शर्मा, योगेश सोनी, मुरली मनोहर चोबदार, जनार्दन घोडेला, रामावतार सबलानिया, जगदीश प्रसाद जांगिड़, वृक्षमित्र श्रवण कुमार जाखड़, केके डीडवानिया, अखिलेश शर्मा एवं ओमप्रकाश सोनी सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# अपना घर आश्रम एवं मुस्कान फाउंडेशन का विशेष रेस्क्यू अभियान प्रारंभ

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** मानवता की सेवा के संकल्प के साथ अपना घर आश्रम, नोखा एवं मुस्कान फाउंडेशन भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में भीलवाड़ा संभाग में विशेष रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान भीलवाड़ा, सांवरिया सेठ, चारभुजानाथ, उदयपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड,, मंदिरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बेसहारा, लावारिस, मानसिक रूप से अस्वस्थ, घायल एवं उपेक्षित अवस्था में जीवन जी रहे प्रभुजनों को सुरक्षित रेस्क्यू कर अपना घर आश्रम तक पहुंचाना है ताकि उन्हें उपचार, भोजन, वस्त्र, आश्रय और परिवार जैसा स्नेह मिल सके। अभियान के प्रथम दिन ही एक प्रभुजन का सफल रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित अपना घर आश्रम भेजा गया। इस अभियान के संयोजक नारायण मूंदड़ा हैं जो लंबे समय से समाजसेवा एवं मानवता के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके समर्पण, सेवा भावना और कुशल समन्वय के कारण यह अभियान प्रभावी रूप से संचालित हो रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि सड़कों पर बेसहारा एवं असहाय प्रभुजनों की सूचना तुरंत उपलब्ध कराएं ताकि समय रहते उन्हें सुरक्षित आश्रय मिल सके। इस अवसर पर अपना घर आश्रम, नोखा के सचिव सतीश झंवर ने बताया कि अपना घर आश्रम का उद्देश्य केवल रेस्क्यू करना नहीं बल्कि प्रत्येक प्रभुजन को नया जीवन देना है। आश्रम की दो टीमें लगातार कार्य करती हैं। पहली रेस्क्यू टीम, जो बेसहारा प्रभुजनों को सुरक्षित आश्रम तक पहुंचाती है तथा दूसरी विदाई टीम, जो उपचार एवं पूर्णतः स्वस्थ होने के बाद उनके परिवार की खोज कर उन्हें सम्मानपूर्वक पुनः उनके घर पहुंचाने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आपकी एक फोन कॉल किसी असहाय व्यक्ति का पूरा जीवन बदल सकती है। यदि आपको कहीं भी कोई लावारिस, घायल, मानसिक रूप से अस्वस्थ अथवा बेसहारा प्रभुजन दिखाई दें तो तुरंत अपना घर हेल्पलाइन पर सूचना दें। आपकी एक सूचना किसी व्यक्ति को नया जीवन और नया परिवार दिला सकती है। अपना घर आश्रम एवं मुस्कान फाउंडेशन ने क्षेत्रवासियों से इस अभियान में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि कहीं भी कोई असहाय प्रभुजन दिखाई दे तो तुरंत संपर्क करें। अपना घर हेल्पलाइन 8764396818, अभियान संयोजक नारायण मूंदड़ा 9680570642 के है।

# अब एआई संभालेगा जयपुर का ट्रैफिक, 253 चौराहों पर लगेगा स्मार्ट सिस्टम

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** गुलाबी नगरी जयपुर की सड़कों को जाम और प्रदूषण से राहत दिलाने की दिशा में राजस्थान पुलिस बड़ा कदम उठाने जा रही है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की पहल पर जयपुर का ट्रैफिक अब पारंपरिक फिक्स टाइमर के बजाय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट सिस्टम से संचालित होगा। जयपुर ट्रैफिक पुलिस ने डेटा कोर इंफोटेक के सहयोग से शहर के सबसे व्यस्त रामबाग सर्किल पर 39 दिनों तक एआई आधारित इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। ट्रायल के उत्साहजनक परिणामों के बाद अब पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र के 423 चौराहों में से 253 प्रमुख चौराहों पर इस तकनीक को लागू करने की तैयारी है। पूरे प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग ट्रैफिक डीसीपी योगेश गोयल के नेतृत्व में की गई। ट्रायल की सफलता के बाद इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे शहर में विस्तार देने का निर्णय लिया गया है।

### ट्रैफिक के अनुसार खुद बदलेगा सिग्नल का समय


डेटा कोर इंफोटेक के निदेशक बसंत गोस्वामी और ओजस शुक्ला ने बताया कि अभी अधिकांश चौराहों पर रेड और ग्रीन सिग्नल का समय पहले से निर्धारित होता है, चाहे किसी सड़क पर ट्रैफिक कम हो और दूसरी ओर लंबा जाम लगा हो। नया एआई आधारित आईटीएमएस इससे बिल्कुल अलग तरीके से काम करेगा। चौराहों पर लगाए गए एआई कैमरे 24 घंटे वाहनों की संख्या, कतार की लंबाई और ट्रैफिक दबाव का वास्तविक समय में विश्लेषण करेंगे। जिस दिशा में वाहनों का दबाव अधिक होगा, सिस्टम स्वतः उस ओर ग्रीन सिग्नल का समय बढ़ा देगा और कम ट्रैफिक वाली दिशा का समय घटा देगा। पूरी प्रक्रिया बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वचालित रूप से संचालित होगी।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर भी रहेगी नजर

एआई आधारित सिस्टम केवल ट्रैफिक संचालन तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी स्वतः कार्रवाई करेगा। ट्रायल के दौरान एक कैमरे ने प्रतिदिन औसतन 4200 वाहनों की निगरानी की, जिनमें से करीब 450 वाहनों के चालान योग्य उल्लंघनों की पहचान सिस्टम ने स्वतः दर्ज की। इसके जरिए ओवरस्पीडिंग, रेड लाइट जंप, रॉन्ग साइड ड्राइविंग और लेन उल्लंघन जैसे मामलों की स्वतः पहचान होगी। यदि किसी वाहन पर पहले से चालान लंबित होगा तो नंबर प्लेट स्कैन होते ही उसकी पूरी जानकारी कंट्रोल रूम तक पहुंच जाएगी।

### पुलिस को भी मिलेगी राहत

नई तकनीक लागू होने से आमजन का यात्रा समय घटेगा, ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण में कमी आएगी। वहीं ट्रैफिक पुलिस को चौराहों पर मैन्युअल सिग्नल संचालन से राहत मिलेगी, जिससे पुलिसकर्मी जाम, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, स्कूलों, बाजारों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर यातायात प्रबंधन पर अधिक प्रभावी ढंग से ध्यान दे सकेंगे।



### 39 दिन के ट्रायल में मिले बेहतर परिणाम

रामबाग सर्किल पर 3 जून से 11 जुलाई 2026 तक चले पायलट प्रोजेक्ट के दौरान एआई सिस्टम ने उल्लेखनीय परिणाम दिए। इस अवधि में सिस्टम ने बिना किसी मैन्युअल हस्तक्षेप के 4 लाख 88 हजार 140 से अधिक वाहनों का सुचारु संचालन कराया। ट्रायल के दौरान प्रत्येक लेन में वाहन चालकों का 8 से 45 सेकंड तक का समय बचाए जबकि औसत ग्रीन टाइम 33.63 सेकंड दर्ज किया गया। चौराहों पर वाहनों के कम समय तक रुकने और ट्रैफिक फ्लो बेहतर होने से 39 दिनों में 2535 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम हुआ। यह प्रतिदिन औसतन 65 किलोग्राम उत्सर्जन में कमी के बराबर है।

### अगले चरण में जुड़ेगा पूरा ट्रैफिक नेटवर्क

डेटा कोर इंफोटेक के निदेशकों ने बताया कि भविष्य में इस तकनीक को स्मार्ट सिटी मिशन के साथ भी जोड़ा जाएगा। रामबाग सर्किल पर सिंगल जंक्शन का स्वायत्त एआई नियंत्रण सफल रहने के बाद दूसरे चरण में मल्टी-जंक्शन सिंक्रोनाइजेशन लागू किया जाएगा। इसके तहत एक चौराहे का एआई दूसरे चौराहे से संवाद कर पूरे मार्ग पर ट्रैफिक प्रवाह को नियंत्रित करेगा। आगे चलकर सिस्टम में वीआईपी मूवमेंट, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए स्वतः ग्रीन कॉरिडोर उपलब्ध कराने की सुविधा भी विकसित की जाएगी ताकि आपात स्थिति में वाहनों को जाम में न फंसना पड़े।




# झुंझुनू जिला टीम बनी स्वर्ण पदक विजेता

निसं

**बगड़ (नवयत्न)।** स्पोर्ट्स जोन एकेडमी के खिलाड़ियों ने तृतीय सरिस्का कप ताइक्कांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए झुंझुनू जिले का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता 11 एवं 12 जुलाई को जैन वाटिका, अलवर में आयोजित हुई। झुंझुनू ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव एवं स्पोर्ट्स जोन एकेडमी के डायरेक्टर राकेश सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में झुंझुनू जिले के 41 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 15 रजत एवं 15 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस शानदार उपलब्धि के साथ झुंझुनू जिला टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रथम टीम ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को यह ट्रॉफी राजस्थान ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी द्वारा प्रदान की गई। प्रतियोगिता में बॉयज टीम कोच नितिन राठौड़, महिला टीम कोच नीलम सैनी, टीम मैनेजर रिंकू सैनी एवं शंकर नेटवाल के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एकेडमी अकाउंटेंट पूनम कुमावत, क्रिकेट कोच निखिल सैनी आदि मौजूद रहे। टीम के बगड़ पहुंचने पर खिलाड़ियों का माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राकेश सैनी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत आपकी पहचान बने, अनुशासन आपकी ताकत बने और तिरंगा आपकी सबसे बड़ी प्रेरणा बने। निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और समर्पण ही आपको राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का चैंपियन बनाएगा।

# अपहरण का मामला दर्ज

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय पुलिस थाने में ग्रामीण क्षेत्र से एक परिजन ने अपहरण का मामला दर्ज करवाया। प्राप्त जानकारी अनुसार 45 वर्षीय परिजन ने पुलिस थाने में दी रिपोर्ट के अनुसार बताया कि रविवार रात्रि को हम लोग सत्संग के कारण घर से बाहर गये हुए थे, घर के चोक में मेरी माताजी व बेटी सो रही थी। हम लोग सत्संग से रात्रि में लगभग दो बजे घर पर आये तो देखा की चार पांच लोग गाड़ी के साथ आये थे। जबरदस्ती मेरी बेटी को गाड़ी में डालकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। हमने शोर मचाने पर दो व्यक्ति मेरी बेटी को गाड़ी में डालकर लेकर भाग गये। आशंका पर हमने चूरु अपने रिश्तेदारों से बात की लेकिन उन्होंने मना कर दिया।

पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया।

# तीन सड़क हादसों में 6 लोग हुए घायल

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** क्षेत्र में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 6 लोग घायल हो गए हैं। पहले सड़क हादसे में देर रात छापर राजलदेसर रोड पर जेतासर के पास दो मोटरसाइकिल भिड़ंत में 3 लोग घायल हो गए। जिनको 108 के विक्रम, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य ने सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। जानकारी के मुताबिक मोटरसाइकिल सवार जेतासर निवासी बिरजूराम, सुनील, मदनलाल की सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई, जिससे ये हादसा हो गया। इसी प्रकार दूसरे सड़क हादसे मे सोमवार सुबह जेतासर से निकलते ही छापर की ओर सड़क पर अचानक पशुधन के आ जाने से उससे टकराकर मोटरसाइकिल सवार जितेन्द्र प्रजापत व सुभाष घायल हो गए। तीसरे हादसे मे सोमवार सुबह खेत में गाय चरा रहे 12 वर्षीय बालक विष्णु निवासी बोबासर चारणान अचानक गाय का रस्सा अटकने से चपेट में आ गया और काफी दूर तक घसीटता चला गया, जिससे उसका शरीर जगह-जगह से चोटिल हो गया।

# गोपाल सोनी निभाएंगे अहम जिम्मेदारी, फिल्म बेटी कविता के ऑडिशन संपन्न



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** झुंझुनू निवासी एवं जयपुर प्रवासी गोपाल सोनी को केसरी विजन फिल्म्स के बैनर तले बनने जा रही हिंदी फीचर फिल्म बेटी कविता में प्रोडक्शन हेड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। फिल्म के लिए जयपुर के अंबाबाड़ी स्थित जेकेजे ज्वेलर्स के कॉफ्रेंस हॉल में कलाकार चयन (ऑडिशन) का सफल आयोजन हुआ, जिसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म के निर्माता सत्येंद्र व्यास ने बताया कि चयन प्रक्रिया के बाद कई प्रतिभाशाली कलाकारों का चयन आगामी फिल्म वर्कशॉप के लिए किया गया है। इसके बाद फिल्म की शूटिंग शुरू की जाएगी। ऑडिशन के दौरान जेकेजे ज्वेलर्स के स्वामी मौसुण परिवार, फिल्म के निर्देशक बन्टी कुमार मित्तल, असिस्टेंट डायरेक्टर हरीश तहिलियानी, डीओपी रामकुमार, प्रोडक्शन हेड गोपाल सोनी, शेर ए हिंदुस्तान के प्रबंध निदेशक बुद्ध प्रकाश शर्मा, कैलाश सोनी, मुकेश खंडेलवाल, श्याम लता शर्मा, संजय शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, विकास हिंदू, देवांश सोनी, डॉ वर्षा लाटा, महिपाल सिंह, मोटिवेशनल गुरु एवं उनकी टीम सहित फिल्म की तकनीकी टीम और अन्य अतिथि मौजूद रहे। निर्माता सत्येंद्र व्यास ने बताया कि हिंदी फीचर फिल्म बेटी कविता की शूटिंग 15 अगस्त के बाद राजस्थान के विभिन्न प्रमुख शहरों और क्षेत्रों में शुरू होगी। उन्होंने कहा कि फिल्म सामाजिक संदेश पर आधारित होगी और नई प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास करेगी।

## सम्पादकीय

# विनाशकारी युद्ध



आखिरकार जिसकी आशंका थी वही हुआ, अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य टकराव के चलते होर्मुज समुद्री मार्ग फिर बंद हो गया। अमेरिका-ईरान पिछले कुछ दिनों से जिस तरह एक-दूसरे के ठिकानों पर हमले करने में लगे हुए हैं, उसके बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचने के अलावा और कोई उपाय नहीं कि इन दोनों देशों के बीच युद्धविराम को लेकर जो सहमति बनी थी, वह पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो गई है। अमेरिका-ईरान के बीच सैन्य संघर्ष इसलिए तेज हुआ, क्योंकि ईरान ने साइप्रस के झंडे वाले जहाज पर हमला किया।

उसने इसके पहले भी यह बहाना बनाकर तीन जहाजों पर हमले किए थे कि वे उसकी ओर से निर्धारित मार्ग से नहीं गुजर रहे थे। स्पष्ट है कि ईरान येन-केन-प्रकारेण होर्मुज पर अपना आधिपत्य जमाने के लिए प्रयत्नशील है। यह न तो अमेरिका को स्वीकार हो सकता है, न खाड़ी देशों को और न ही विश्व समुदाय को। होर्मुज एक स्वतंत्र समुद्री मार्ग है और उस पर किसी देश का एकाधिकार नहीं हो सकता-न तो ईरान का और न ही खाड़ी देशों का। ईरान अथवा अन्य किसी देश को यह भी अधिकार नहीं कि वह होर्मुज से निकलने वाले जहाजों से किसी तरह का टैक्स वसूले।

इसमें कोई संदेह नहीं कि जैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को मनचाही शर्तों पर झुकाने के लिए प्रयत्नशील हैं, वैसे ही ईरानी नेतृत्व भी होर्मुज को लेकर मनमानी कर रहा है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि आने वाले दिनों में ईरान और अमेरिका के बीच सैन्य संघर्ष और तेज होगा। इसके चलते होर्मुज से जहाजों का आवागमन पूरी तौर पर ठप हो सकता है। इसका दुष्परिणाम तेल एवं गैस के दामों में वृद्धि के रूप में देखने को मिलेगा और उससे सभी देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी, क्योंकि होर्मुज से विश्व के पांचवें हिस्से की ऊर्जा आपूर्ति होती है।

ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम इसलिए नहीं टिक सका, क्योंकि एक तो दोनों देश एक-दूसरे के प्रति अविश्वास और घृणा से भरे हुए हैं और दूसरे इन देशों के बीच ऐसा कोई मध्यस्थ नहीं, जिसकी अपनी कोई विश्वसनीयता हो और जो दोनों देशों पर दबाव डाल सकें। एक समस्या यह भी है कि दोनों ही देश युद्धविराम को लेकर अपनी प्रतिबद्धताओं से बंधे रहने के लिए तैयार नहीं।

ऐसा लगता है कि ईरान इसकी प्रतीक्षा कर रहा था कि उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का अंतिम संस्कार हो जाए तो वह नए सिरे से अपनी आक्रामकता दिखाए। जो भी हो, वर्तमान परिस्थितियों में विश्व समुदाय के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह आगे आकर अमेरिका और ईरान पर दबाव बनाए। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि ईरान-अमेरिका नए सिरे से किसी सहमति पर पहुंचने के लिए भरोसेमंद मध्यस्थों की तलाश करें।

## विशेष आलेख

# स्याह दौर को याद करके उबरने का समय

आलिया दो फिल्में 'मैं वापस आऊंगा' और 'सतलुज' पंजाब की स्मृतियों में दबे जख्मों को सामने लाती हैं। एक दास्तान में देश विभाजन के घावों की टीस है तो दूसरी में आतंक के दौर के आघातों का सामूहिक संताप। बेशक, सभी पहलू सामने लाने व समाधान पर चर्चा हो।

पिछले कुछ हफ्तों से ज़िंदगी, दो कलाकृतियों में उतरने की कोशिश कर रही है, यह समझने के लिए कि दशकों पहले क्या हुआ। इम्तियाज़ अली की 1947 में देश के विभाजन पर बनी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा', जो 80 साल पीछे जाकर उन लोगों की कहानी बताती है, जिन्हें एक घर से दूसरे घर की तलाश में खुद की जड़ें उखाड़ने को मजबूर किया गया था, सदा के लिए 'रिफ्यूजी' का ठप्पा लेकर - लाहौर में छोड़े गए मॉडल टाउन की याद में दिल्ली के बाहरी इलाके में उसकी नकल कर बनाए मॉडल टाउन में बसना, जो कि दिल्ली यूनिवर्सिटी से काफी दूर है; लायलपुर नाम के शहर में अपने घर की याद में, जो अब है ही नहीं, जालंधर में बनाए लायलपुर सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल जैसे स्कूलों में अपने बच्चों को भेजना। लायलपुर का नया नाम पिछले कुछ सालों से फैसलाबाद हो गया है, लेकिन जालंधर में लोगों को कौन समझाए।

याद?दाश्त के साथ यही समस्या है-आपने जो अपनी आंखों से देखा हो, वह ओझल नहीं हो पाता या जो सुनी थीं, वह आवाज़ें भुलाए नहीं भूलतीं। भले ही आप उसे व्यक्तिगत रूप से देख या सुन नहीं सकते हों, लेकिन विगत की यादें असहज दुःस्वपन बनाने के लिए काफी होती हैं। चंडीगढ़ में मेरे मित्र अपने माता-पिता को 'मैं वापस आऊंगा' दिखाने से कतरा रहे हैं, कि कहीं ऐसा न हो कि वे उस आघात को पुनः जीएं, जिससे वे गुजर चुके हैं। ऐसा नहीं है कि पंजाब आघातों से अपरिचित है। 'बदला और सुलह' यह दो भाव, जैसा कि राजमोहन गांधी ने इसी नाम की अपनी किताब में बहुत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया है, पंजाब में इनकी गूंज दशकों, यहां तक कि सदियों तक रही है। यदि दिल्ली 'सोने की चिड़िया' किसी लुटेरे की महत्वाकांक्षा की पराकाष्ठा है, तो उस तक पहुंचने का रास्ता पंजाब से होकर है और इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पंजाब की सभी नदियों को पार करना पड़ता था। कुछ को अपनी मंजिल तक पहुंचने से पहले ही रोक लिया गया, इनमें सर्वाधिक उल्लेखनीय है ईसा पूर्व 326 में सिकंदर का विश्व विजय अभियान रथ रोक देना ङ्क पंजाब में रोके जाने के बाद उसे उल्टी दिशा पकड़नी पड़ी और वापस लौट गया। यह भारत का एकमात्र राज्य है जिसके नाम के साथ 'द' आर्टिकल लगाना जरूरी होता है। इस बीच, समय की धारा अपने साथ, इसकी नदियों की भांति, हमलावरों, घुसपैठियों, लोकतंत्रवादियों, हत्यारों, आतंकवादियों, सशस्त्र विद्रोहियों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को बहाती चली गया- यह सूची अंतहीन है, जिसमें हर किस्म के चाहे-अनचाहे पाप शामिल हैं।

इन दिनों, जबकि मॉनसून पूरे देश में छा चुका है, हमारी नदियां उफान पर हैं। चिनाब, जिसे आज भी पंजाब की नदी कहा जाता है, हालांकि यह 1947 के बाद से भारतीय पंजाब की सीमा से परे बहती है, पाकिस्तानी पंजाब में घुसने से पहले जम्मू इलाके में अपने किनारों पर दहाड़ती है — आप इसके बहाव को रोक नहीं सकते। ऑपरेशन सिंदूर से पहले हो या बाद में, भूगोल राजनीति का गुलाम नहीं हो सकता।




चिनाब की बात की जाए तो, सतलुज का जिक्र कैसे छूट सकता है-यहां नदी नहीं, फिल्म की बात है। पूरे पंजाब ने इसे देख लिया है, या देख रहा है- गांव की कमेटियों द्वारा लगाई गई बड़ी स्क्रीन पर, किसी गुरुद्वारे के साए में या खुले मैदान में, शाम ढलने के बाद, केंद्र द्वारा लगाया प्रतिबंध नजरअंदाज करते हुए। यहां तक कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी भी राजधानी के बीचोंबीच इसके शो चला रही है। यह अजीब विडंबना है। हर राजनीतिक दल सावधानीपूर्वक निगाह रखे हुए है, क्योंकि चुनाव में मुश्किल से छह माह बचे हैं, उनमें से हर कोई अच्छी तरह जानता है कि अगर वे सही बात नहीं कहेंगे, या सही शब्दों का इस्तेमाल नहीं करेंगे, तो वे राज्य में चल रही भावनाओं की लहर में बह सकते हैं। 'द ट्रिब्यून' में मेरे हर सहयोगी का कहना है कि 'हर कोई सब कुछ जानता है, उन सालों में क्या हुआ था'। लेकिन असल में इसका मतलब क्या है? सतलुज में ऐसा क्या है जिसने पंजाब की संवेदनाओं को छू दिया है? क्या केंद्र सरकार के प्रतिबंध का सच में मतलब है कि यह बहुत जल्दबाजी में लिया निर्णय है, कि पंजाब को अपनी भयावहता को देखने के लिए कुछ और दशक चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे 'मैं वापस आऊंगा' ने 80 साल बाद किया है, और यह कि अंधियारे को न छेड़ना ही बेहतर है, चुनौती देना तो दूर की बात। आखिर, सच तो यह कि दिलजीत दोसांझ 'पिंड' में अपने घर नहीं, बल्कि 'अमेरिका' में रहते हैं।

डर यह है कि पंजाब में फिर से कहीं दरार पैदा न हो जाए। लोग दो पक्षों में बंट जाएंगे। यह आलोचना कि फिल्म 'बहुत ज़्यादा एकतरफ़ा' है, इसका असल में मतलब है कि सिर्फ़ एक पक्ष, मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा का पक्ष ही सामने रखा गया है। यह नहीं कि कैसे आतंकवादियों ने बेगुनाह लोगों, हिंदू और सिख, दोनों को मार डाला। यह नहीं कि कैसे पंजाब पुलिस के जवानों को भी आतंकियों ने निशाना बनाया और उनके परिवारों को कितनी तकलीफ़ हुई। कैसे हिंदुओं को भुगतना पड़ा। यह भी नहीं कि कैसे आस्थावान हिंदुओं और सिखों ने सामना किया। निश्चित रूप से यह भी नहीं दिखाया कि कैसे पाकिस्तान ने पंजाब में पहले से जल रही आग को और भड़काया। सच तो यह है कि फिल्म सतलुज ने सतह को खरोंच दिया है, एक स्याह, बदसूरत पक्ष उघाड़ते हुए- यह अभी साफ़ नहीं कि लोग इसे कैसे लेंगे। फिल्म में खालड़ा के हवाले से कहा गया है कि 25,000 बेगुनाह लोग मारे गए थे।

साल 2019 में द ट्रिब्यून में लिखते हुए, सुरक्षा विश्लेषक और पंजाब के पूर्व पुलिस महानिदेशक केपीएस गिल के रिश्तेदार, अजय साहनी ने बताया है कि 1981 और 1995 के बीच-जिस साल तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह और खालड़ा दोनों मारे गए थे—11,696 आम लोग और सुरक्षा बलों के 1,746 जवान (पंजाब पुलिस के 1,415) आतंकवादियों ने मारे, जबकि पुलिस ने 8,090 आतंकवादियों को मार गिराया। यानी कुल 21,532 लोग। इस बीच, सोशल मीडिया दावों और जवाबी-दावों से भरा हुआ है, आवाज़ और गुस्से, दोनों के जरिए। भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू का एक्स हैंडल उस समय की ब्लैक-एंड-व्हाइट वीडियो से भरा पड़ा है, जिसमें क्लीन-शेव मृत लोग दिख रहे हैं- किसी का भी चेहरा ढका नहीं है। आप सही में ये सवाल पूछ सकते हैं- ये वीडियो अब क्यों सामने लाये जा रहे, और उन्हें सोशल मीडिया के सख्त सेंसर से कैसे बचने दिया जा रहा? लेकिन जब बिट्टू ने मेरी सहयोगी शिवानी भाकू से कहा कि फिल्म पर प्रतिबंध भाजपा ने नहीं लगाया। तो शायद उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का आदेश नहीं देखा है। पिछले हफ़्ते इस अख़बार के एक संपादकीय का शीर्षक था, 'सतलुज को बहने दो', जिसमें कहा गया था कि पंजाब के सामूहिक संताप तभी कम हो पाएगा जब ज़्यादा से ज़्यादा लेखक, फिल्म निर्माता, मीडिया, सब लोगङ्क इस बारे बात करें कि क्या हुआ, कैसे हुआ, और शायद क्यों हुआ। सामूहिक संत्रास पर मरहम रूपी सामूहिक शोक की ज़रूरत होती हैङ्क न कि किसी पर उंगली उठाना या नाम लेना, या दोषरोपण करना। न तो कांग्रेस, न ही अकाली दल या भाजपा (जब वह अकाली दल के साथ गठबंधन में थी) ने सत्ता में रहने के दौरान इस दिशा में कुछ खास किया है। 'मैं वापस आऊंगा' देखने में 80 साल गए, इस बीच वह पीढ़ी गुज़र गई और यह आज भी आंसू ला देने वाली फ़िल्म है। 112 साल हो गए हैं जब पंजाब ने पहले विश्व युद्ध में ब्रिटिश सेना की तरफ से लड़ने के लिए पांच लाख लोग भेजे थे — रविवार को, द ट्रिब्यून में लेख है कि कैसे उनमें से 9,909, जिन्हें भुला दिया गया था और इतिहास के कूड़ेदान में डाल दिया गया था, आखिरकार उनकी शहादत को मान्यता मिली। पंजाब में आतंकवाद खत्म हुए लगभग 30 साल हो गए - अपने बुरे अतीत को भूलने या नकारने के लिए नहीं, बल्कि याद करने और जख्म भरने के लिए हमें पहला कदम उठाना चाहिए। और वह वक्त यही है।

## स्वास्थ्य समाचार

# वजन बढ़ाने के लिए रोज नाश्ते में खाएं प्रोटीन से भरपूर यह फूड्स, मिलेगी ताकत और एनर्जी

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। प्रोटीन से ही पूरा शरीर डेवलप होता है। बाल, त्वचा, आंखें, मसल्स सभी को प्रोटीन की जरूरत होती है। प्रोटीन सेल्स को रिपेयर करता है और नई कोशिकाओं के निर्माण में भी मदद करता है। प्रोटीन शरीर को मजबूत, ताकतवर बनाने में मदद करता है। इसलिए सभी लोगों को अपनी डाइट में प्रोटीन शामिल करने की सलाह दी जाती है।

**अंडा :** अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है। एक बड़े अंडे में करीब 6.5 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। ऐसे में अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अंडे को अपनी हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में शामिल कर सकते हैं। वजन बढ़ाने के लिए आपको अंडे का येलो और व्हाइट दोनों पार्ट खाने चाहिए। क्योंकि सफेद हिस्से में प्रोटीन होता है, वहीं पीले हिस्से में कैलोरी और हेल्दी फैट पाया जाता है। रोजाना नाश्ते में 1-2 अंडे खाने से आपका वजन धीरे-धीरे बढ़ सकता है। इसके अलावा अंडा विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स का भी अच्छा सोर्स होता है।




**बादाम :** बादाम एक ड्राई फ्रूट है, जो पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें फाइबर, विटामिन ई, मैग्नीशियम और पोटेशियम पाया जाता है। इसके अलावा बादाम प्रोटीन का भी बेहद अच्छा सोर्स होता है। 28 ग्राम बादाम में करीब 6 ग्राम प्रोटीन होता है। इसलिए अगर आप वजन या मसल्स बढ़ाना चाहते हैं, तो अपनी ब्रेकफास्ट डाइट में बादाम को शामिल करना शुरू कर दें। इसके लिए आप रात को 8-10 बादाम भिगोकर रख दें। सुबह इनका छिलका निकालकर खा लें। रोजाना बादाम खाने से आपको वेट गेन में मदद मिल सकती है।

**कॉटेज चीज :** कॉटेज चीज एक प्रकार का चीज है, जिसमें फैट और कैलोरी कम होती है लेकिन प्रोटीन अधिक होता है। इसके अलावा कॉटेज चीज में कैल्शियम, फास्फोरस, सेलेनियम, विटामिन बी 12 और राइबोफ्लेविन जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में आप कॉटेज चीज को शामिल कर सकते हैं। 17 ग्राम कॉटेज चीज में लगभग 3.96 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। अपनी रेगुलर डाइट में कॉटेज चीज शामिल करके वजन को धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है।

**दूध :** दूध में लगभग हर पोषक तत्व होता है, जिसकी शरीर को जरूरत होती है। दूध में कैल्शियम, विटामिन बी12 और प्रोटीन काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। रोजाना नाश्ते में दूध पीने से वेट गेन में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप दूध में केला या ड्राई फ्रूट्स आदि मिला सकते हैं। लेकिन अगर आपको दूध से एलर्जी है, तो आप काजू, बादाम या फिर नारियल का दूध पी सकते हैं।

**पीनट बटर :** पीनट बटर में प्रोटीन, फोलेट, मैग्नीशियम, विटामिन ई जैसे पोषक तत्व काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। 28 ग्राम पीनट बटर में लगभग 7.30 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसलिए अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अपने हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में पीनट बटर को जरूर शामिल करें।

# सरसों के तेल से रोकें गंजापन, इसके प्रयोग के यह तरीके

सरसों के तेल से सिर की चंपी करना बहुत फायदेमंद होता है, यही कारण है कि बचपन से ही हमारी मम्मी, दादी और नानी सिर में सरसों का तेल लगाने की सलाह देती हैं। ऐसा करना बालों के लिए तो बहुत लाभकारी माना जाता ही है, साथ ही यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है, यह चिंता, तनाव, सिरदर्द आदि से राहत प्रदान करने और मस्तिष्क को शांत करने में मदद करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, नए बालों के विकास को बढ़ावा देने और गंजेपन को रोकने में भी सरसों के तेल का प्रयोग बहुत लाभकारी साबित हो सकता है? जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा! बालों की लगभग सभी समस्याओं को दूर करने के लिए सरसों के तेल को रामबाण माना जाता है, यह गंजेपन से बचाव के लिए भी यह एक बेहतरीन उपाय है। साथ ही इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि यह हम सभी के किचन का एक अहम हिस्सा है और आसानी से मिल जाता है।



**तेल गर्म करके बालों में लगाएं :** सरसों के तेल को गुनगुना गर्म करके अगर आप स्कैल्प और बालों के रोम की अच्छी तरह मालिश करें। इससे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने और बालों के रोम को पोषण मिलेगा। हफ्ते में रात में सोने से पहले या सिर धोने से कम से कम 4 घंटे पहले और 2 बार मालिश जरूर करें।

**आंवला मिलाकर लगाएं :** बालों के लिए आंवला एक बेहतरीन औषधि है, सरसों के तेल की तरह यह भी बालों की कई समस्याएं दूर करने में बहुत कारगर है।

### मेहंदी पकाकर लगाएं

सरसों के तेल में मेंहदी पाउडर या इसकी पत्तियां डालकर अच्छी तरह पका लें, जब मिश्रण काला हो जाए तो गैस बंद कर दें और मिश्रण को ठंडा होने दें। इससे न सिर्फ बालों के विकास को बढ़ावा मिलेगा बल्कि इसे बाल नेचुरली काले बनेंगे और उनमें चमक आएगी। सप्ताह में 2-3 बार, सिर धोने से कम से कम 4 घंटे पहले लगाएं।

### एलोवेरा मिलाकर लगाएं

बालों के विकास को बढ़ावा देने के लिए एलोवेरा बहुत फायदेमंद है। आप सरसों के तेल में एलोवेरा जेल मिलाकर रात में सोने से पहले या सिर धोने से 3-4 घंटे पहले लगा सकते हैं। उसके बाध धो लें। सप्ताह में 2 बार जरूर लगाएं।

# विटामिन ई से भरपूर होती हैं यह फल और सब्जियां रोजाना करें सेवन

विटामिन ई स्वास्थ्य के लिए काफी हेल्दी मानी जाती है। यह मुख्य रूप से आपकी स्किन और बालों के लिए लाभकारी होती है। इसके साथ ही विटामिन ई से हड्डियां और टिश्यूज का विकास बेहतर तरीके से किया जा सकता है। विटामिन ई एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स है, जो हमारी कोशिकाओं को फ्री-रेडिकल्स से बचाव करने में मददगार हो सकता है। नियमित रूप से आहार में विटामिन ई को शामिल करने से मोटापा कंट्रोल हो सकता है। साथ ही यह झड़ते और बेजान बालों की परेशानी कम कर सकता है। अक्सर हम विटामिन ई की कमी को कम करने के लिए कैप्सूल का सेवन करते हैं लेकिन हमारे आसपास कई ऐसी फल और सब्जियां हैं जिससे विटामिन ई की कमी को पूरा किया जा सकता है।



### एवोकाडो में है विटामिन ई

एवोकाडो विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। यह एक ऐसा फल है, जिसे आप कई तरीकों से खा सकते हैं। साथ ही स्किन पर भी लगा सकते हैं। अगर आपके शरीर में विटामिन ई की कमी है तो इसे नियमित रूप से अपने आहार में शामिल करें। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा। एवोकाडो को छिलकर और इसके बीच निकालकर खाए जाते हैं। इसके अलावा सैंडविच और स्मूदी भी इससे तैयार किया जा सकता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए हेल्दी हो सकता है।

### पालक विटामिन ई से है भरपूर

हरी सब्जियों की बात कि जाए तो पालक विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। इसमें कई तरह के अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए हेल्दी होते हैं। इसके साथ ही पालक में प्रोटीन, कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर रूप से मौजूद होती हैं जो आपको हेल्दी रखने में असरदार है।

### कीवी का करें सेवन

शरीर में विटामिन ई की कमी होने पर कीवी का सेवन करें। यह विटामिन सी का भी काफी अच्छा स्त्रोत होता है, जो आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट कर सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष**
चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृष**
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

**मिथुन**
कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे।

**कर्क**
राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

**सिंह**
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। आ बैल मुझे मार की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

**कन्या**
कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

**तुला**
संपति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा।

**वृश्चिक**
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

**धनु**
दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

**मकर**
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

**कुंभ**
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा।

**मीन**
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

# थानाधिकारी शर्मा कल संभालेंगे थाने का चार्ज



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** पुलिस अधीक्षक के नये आदेश के बाद बिसाऊ के नये थानाधिकारी उमाशंकर शर्मा होंगे इससे पूर्व कमलेश चौधरी के आदेश थे। नये आ रहे थानाधिकारी उमाशंकर कोरोना काल में रामगढ़ शेखावाटी थाने में पांच साल तक अपनी सेवाएं दी हैं। यह नशाबाजों और अपने आपको धुरंधर समझने वालों के खिलाफ सख्त है। इनका आपराधिक मामलों की जांच पड़ताल करने का भी तरीका अलग ही है। यह बुधवार को बिसाऊ थाने का चार्ज संभालेंगे।

# प्रधानाचार्य प्रतिभा चौधरी ने संभाला पदभार



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिड़ासन गांव में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सरकारी स्कूल में प्रधानाचार्य प्रतिभा चौधरी ने पदभार संभाल लिया। पदभार संभालने के बाद चौधरी ने कहा कि चिड़ासन गांव का स्कूल शैक्षिक वातावरण लिए काफी शानदार है और इसके नई शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्ता में सुधार पर विशेष फोकस रहेगा। जिससे विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने एवं नई नई नवाचार एवं प्रशिक्षण दिए जाएं। नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। विद्यालय में पदभार संभालने के बाद विद्यालय में भौतिक, शैक्षणिक, खेलकूद प्रतियोगिता सांस्कृतिक, वातावरण में और सुधार किया जावेगा। विद्यालय आबादी क्षेत्र से बाहर होने के कारण यहां पर शैक्षिक वातावरण बिना शोरगुल के इतना शानदार है कि विद्यार्थियों को गुरुकुल जैसी शिक्षा दी जाती है। इस मौके पर व्याख्याता मनोज कुमार, कृष्ण मीणा, होशियार सिंह, वरिष्ठ अध्यापक, धर्मेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, राकेश कुमार, टीना सैनी, सोनिया नेहरा, कपिल, अमी लाल, दयानंद, मोहम्मद हनीफ, विकास, महावीर सिंह लील एवं छात्र-छात्राएं मौके पर उपस्थित थी।

# इओ चोयल ने किया कार्यभार ग्रहण



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा नगर पालिका में नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी धर्माराम चोयल के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी परिवार की ओर से उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मुंह मीठा करवाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नोखा शहर मंडल अध्यक्ष गंगाराम पारीक के नेतृत्व में भाजपा बीकानेर देहात उपाध्यक्ष महेश झंवर, पूर्व अध्यक्ष नोखा नगर पालिका निर्मल भूरा, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मोडाराम सिवर, महामंत्री रमेश नाथ, महामंत्री संदीप चोरड़िया, उपाध्यक्ष श्रवण ज्याणी, पुखराज सुथार, पुखराज पंचारिया, निर्मल चोपड़ा, मंत्री हेमंत जोशी, नरसी लखारा, कालूराम भार्गव, नरेंद्र चौहान, पूर्व निवर्तमान पार्षद राधेश्याम लखोटिया, सोशल मीडिया प्रभारी देवकिशन पंडित सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने धर्माराम चोयल का अभिनंदन करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके प्रशासनिक अनुभव, कार्यकुशलता एवं सकारात्मक सोच से नगर पालिका की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी तथा विकास कार्यों में गति आएगी। जनहित, पारदर्शिता, स्वच्छता एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नोखा नगर के सर्वांगीण विकास की नई दिशा स्थापित होगी।

# हाईटेक अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, 10-10 हजार के दो इनामी समेत चार गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पूर्व जिला स्पेशल टीम और रामनगरिया थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक हाईटेक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 10-10 हजार रुपए के दो इनामी बदमाशों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने जयपुर, दिल्ली, गुजरात और उत्तराखंड से दो दर्जन से अधिक स्कॉर्पियो चोरी करना स्वीकार किया है। गिरोह चोरी की गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबर बदलकर उन्हें बाजार में बेचता था जबकि कुछ वाहन नेपाल तक सप्लाई किए जाते थे। डीसीपी पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के के मुख्य सरगना राहुल मीणा उर्फ कुंदन उर्फ राजा निवासी समलेटी, महवा, दौसा उसके सगे भाई हरेती मीणा उर्फ मोनू उर्फ दुर्गा चोरी की गाड़ियां खरीदने वाले महिपाल चौधरी ; निवासी कैलाश नगर, सीकर तथा हिमांशु देहिवाल निवासी कोछोर, जीणमाता, सीकर को गिरफ्तार किया है। राहुल मीणा पर जयपुर पूर्व और दौसा पुलिस ने 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। वह मध्यप्रदेश के मुरैना और दौसा के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के मामलों में भी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रामनगरिया और करधनी थाना क्षेत्र से चोरी की गई दो स्कॉर्पियो, वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, चार एसीएम मशीनें, चार वीसीएम मशीनें, तीन जोड़ी फर्जी नंबर प्लेट तथा पेचकस, पाना, प्लास सहित वाहन चोरी में प्रयुक्त अन्य उपकरण बरामद किए हैं। आरोपी इन आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की मदद से वाहनों के सुरक्षा सिस्टम को बायपास कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे पहले विभिन्न शहरों में खड़ी स्कॉर्पियो की रेकी करते थे। चोरी के बाद वाहनों को सीकर ले जाकर गैराज संचालकों को दो से तीन लाख रुपए में बेच देते थे। वहां दुर्घटनाग्रस्त या पुरानी गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबर चोरी की गाड़ियों में फिट कर उनकी पहचान बदल दी जाती थी और बाद में उन्हें ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह ने जयपुर के अलावा दिल्ली, गुजरात और उत्तराखंड से भी दो दर्जन से अधिक स्कॉर्पियो चोरी की हैं। गुजरात से चोरी किए गए वाहनों को चित्तौड़गढ़ में खपाया जाता था जबकि दिल्ली और उत्तराखंड से चोरी की गई गाड़ियों को साथी रिंकू लालपुर के माध्यम से नेपाल तक सप्लाई किया जाता था। वहीं मुख्य आरोपी राहुल मीणा के खिलाफ राजस्थान और मध्यप्रदेश के विभिन्न थानों में हत्या, वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं उसके भाई हरेती मीणा पर भी पूर्व से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। फिलहाल रामनगरिया थाना पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस को पूछताछ में वाहन चोरी की कई अन्य वारदातों के खुलासे और चोरी के अन्य वाहन बरामद होने की उम्मीद है। यह कार्रवाई डीएसटी प्रभारी सुखवीर सिंह और रामनगरिया थानाधिकारी चंद्रभान के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक बन्ना लाल, हेड कांस्टेबल तुलसीराम, संजय राहड़ तथा कांस्टेबल देवेंद्र, हरूराम, विजय सिंह, हेमंत और राहुल की विशेष भूमिका रही।

# ज्वैलर पर जानलेवा हमला कर दस किलो जेवरात लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश

## 25-25 हजार के दो इनामी समेत तीन गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की जिला स्पेशल टीम और खोराबीसल थाना पुलिस ने नांगल लाड़ी गांव में ज्वैलर पर जानलेवा हमला कर करीब 10 किलो सोने-चांदी के जेवरात लूटने वाली अंतर जिला गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 25-25 हजार रुपए के दो इनामी बदमाशों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटे गए जेवरातों को गलाकर बनाई गई करीब 7 किलोग्राम चांदी की सिल्ली तथा वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की गई है। वहीं वारदात में शामिल एक आरोपी अब भी फरार है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 3 जुलाई 2026 की रात खोराबीसल थाना क्षेत्र के नांगल लाड़ी गांव स्थित श्री श्याम ज्वैलर्स के संचालक शंकरलाल शर्मा पर उस समय हमला हुआ था, जब वह दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से मुण्डोता रोड स्थित अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में पीछे से आई सफेद स्विफ्ट कार ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। कार से उतरे चार बदमाशों ने लाठी और सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बचाव के दौरान शंकरलाल के दोनों हाथ टूट गए जबकि सिर, नाक और आंखों पर भी गंभीर चोटें आई। इसके बाद बदमाश उनके गले में लटका करीब 10 किलो सोने-चांदी के जेवरात और 15 हजार रुपए नकदी से भरा बैग लूटकर मुण्डोता की ओर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह तथा डीएसटी प्रभारी गणेश सैनी के नेतृत्व में चार विशेष टीमों का गठन किया गया। वारदात के समय घना अंधेरा और तेज बारिश होने से पुलिस के पास कोई प्रत्यक्ष सुराग नहीं था। हालांकि घटनास्थल से कार के शीशे पर लगने वाला एक पर्दा मिला, जिस पर शिस्वफ्ट रियर लेफ्ट विंडों का स्टीकर लगा था। इसके आधार पर पुलिस ने करीब 50 किलोमीटर के दायरे में लगे 1000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में एक संदिग्ध स्विफ्ट कार दिखाई दी, जिसकी आगे और पीछे की नंबर प्लेट काले कपड़े से ढकी हुई थी। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने करीब 1300 किलोमीटर तक पीछा किया और सोमवार सुबह कालवाड़ रोड-सिरसी लिंक रोड पर घेराबंदी कर कमलेश कुमार बाज्या निवासी बुगालिया, कालवाड़, अशोक मीणा उर्फ गोलू निवासी मीणा की ढाणी बुगालिया तथा विशाल मीणा निवासी बिचपड़ी, हरमाड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वारदात के लिए उन्होंने चौमूं से स्विफ्ट कार किराये पर ली थी। पुलिस से बचने के लिए लूटे गए जेवरातों को गला कर चांदी की सिल्ली बना दी। पुलिस ने इस सिल्ली को बरामद कर लिया है। मामले में गिरोह के तीन अन्य सहयोगियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं मुख्य सरगना कमलेश बाज्या के खिलाफ नकबजनी, लूट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित करीब 24 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं वारदात में शामिल जितेंद्र शर्मा उर्फ जितेंद्र कुमार शर्मा निवासी बिचपड़ी, हरमाड़ा फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में लूट और अन्य संगठित आपराधिक वारदातों से जुड़े कई और अहम खुलासे हो सकते हैं। इस ब्लाइंड केस के खुलासे में तकनीकी शाखा के हेड कांस्टेबल दिनेश शर्मा, खोराबीसल थाने के कांस्टेबल रामसिंह तथा डीएसटी के कांस्टेबल राकेश कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम में उपनिरीक्षक अभिषेक स्वामी, हेड कांस्टेबल ख्यालीराम, कैलाश चंद, सुनील कुमार, रामेश्वर लाल, शेर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# सफाई नहीं होने से कीचड़ व मिट्टी से अटे नाले



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** पीडब्ल्यूडी ने बिसाऊ में एक दशक पूर्व झुंझुनू-चूरू स्टेट हाईवे पर थाना सर्किल से बाइपास तक गौरव पथ सड़क का दोनों साइडों में नालों सहित निर्माण करवा था लेकिन इन नालो की आज तक सफाई नहीं होने से यह नाला कचरा और मिट्टी से अटा हुआ पड़ा है। यही नहीं पीडब्ल्यूडी की अनदेखी के कारण इस नाले पर दुकानदार पट्टियां डाल कर सामान रखने के काम में ले रहे। दुकानदारों का कहना है कि विभाग इस नाले की कभी भी सफाई नहीं करवाता है, सफाई नहीं होने से नाले में पड़ा कचरा व किचड़ सड़ांध मार रहा है इसको देखते हुए हम नाले को पट्टियों से ढककर उस पर सामना रखना शुरू कर दिया। बारिश के मौसम में पेट्रोल पंप से नगर पालिका कार्यालय तक नाले में कचरा व कीचड़ रहने से बारिश का पानी आगे निकास नहीं होने से ओवरफ्लो होकर रोड़ पर आ रहा है। नाले की सफाई नहीं होने से नाले के सटकर बनी दुकानों के दुकानदार व वाहनों की सर्विस करने वाले सर्विस सेंटर वाले परेशान हैं। इन्होंने सोमवार को पेट्रोल पंप के थोड़ा आगे नाले से कीचड़ निकाल कर साफ भी किया है। इनकी मांग है कि पीडब्ल्यूडी इस नाले को जल्द साफ करवाएं, वरना महामारी का शिकार होना पड़ेगा। नाला कई जगह फैरो कवर से ढका हुआ है कई जगह खुल्ला पड़ा है। शहीद स्मारक के पास नाले पर पड़े फेरो कवर आधे नाले में गिरे हुए हैं वहीं रोड की फुटपाथ पर लगे इंटरलाक के निचे की मिट्टी बहजाने से इंटरलाक जमीन में धंस रहे हैं।

# भुगतान नहीं होने से सेवानिवृत महिला सफाईकर्मी परेशान

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगर परिषद सुजानगढ़ में अपनी पूरी जिंदगी साफ-सफाई सेवा में लगाने वाली एक बुजुर्ग महिला सफाई कर्मचारी सेवानिवृत्ति के 8 महीने बाद भी अपनी गाढ़ी कमाई के पैसे पाने के लिए दर-दर भटक रही है। जानकारी के अनुसार सफाई कर्मचारी पुष्पा देवी पत्नी संपतराम 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत हो चुकी हैं। लेकिन 8 माह का लंबा समय बीत जाने के बावजूद भी नगर परिषद द्वारा उनकी ग्रेच्युटी, पीएफ, पेंशन या अन्य किसी भी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। बुजुर्ग महिला के पुत्र गिरधारीलाल ने बताया कि वह नगर परिषद कार्यालय के चक्कर काट-काट कर थक चुके हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम और संभागीय आयुक्त को भी ई-मेल के जरिए शिकायत भेजी जा चुकी है ।

# जिला कलेक्टर ने किया रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन



निसं


**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्व. सत्य नारायण अरोड़ा की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन चूरू जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया। मारवाड़ी युवा मंच, गणगौर शाखा, लायन्स क्लब के तत्वावधान में 21 जुलाई को माहेश्वरी सेवा सदन में लगने वाले विशाल रक्तदान शिविर की सफलता के लिए जिला कलक्टर सुराणा ने शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता की आवश्यकता है। मारवाड़ी युवा मंच और सत्यम परिवार द्वारा विगत छह वर्षों से निरन्तर लगाया जा रहा रक्तदान शिविर का प्रयास प्रशंसनीय हैं। मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश अरोड़ा ने जिला कलक्टर का अभिनंदन किया। साहित्यकार डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने आयोजकीय पृष्ठ भूमि के सम्बन्ध में जानकारी दी।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी, मंच की नारी चेतना की प्रांतीय संयोजक पूजा शर्मा, रक्तदान संयोजक प्रमिला प्रजापत, गणगौर शाखा अध्यक्ष करूणा जांगिड़ और भानुप्रिया जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।

# वीएलटीडी और ई-चालान के विरोध में दस हजार ट्रकों के पहिए थमे

## प्रदेशभर के ट्रांसपोर्ट संगठनों का समर्थन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस परमिट और ई-डिटेक्शन चालान से जुड़ी समस्याओं को लेकर राजस्थान के ट्रांसपोर्टर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। राजस्थान ट्रक ट्रांसपोर्ट संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेशभर में करीब दस हजार ट्रकों के पहिए थम गए हैं। समिति के अनुसार वीएलटीडी, परमिट और ई-डिटेक्शन चालान इस हड़ताल के मुख्य मुद्दे हैं। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि सरकार ने नियम तो लागू कर दिए लेकिन उन्हें लागू करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं की, जिसका खामियाजा वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को भुगतना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएगी, आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन को लॉजिस्टिक्स एंड ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन, जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन, विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, जयपुर परचून ट्रांसपोर्ट यूनियन और ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर एसोसिएशन सहित प्रदेश के कई प्रमुख ट्रांसपोर्ट संगठनों का समर्थन मिला है। अलवर में ट्रांसपोर्टरों ने रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और बाजार की कुछ दुकानें भी बंद कराई। विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश चौधरी ने बताया कि प्रदेश में अधिकृत कंपनियों के पास पर्याप्त संख्या में वीएलटीडी डिवाइस उपलब्ध नहीं हैं। इसके कारण करीब 30 से 35 हजार ट्रक राजस्थान की सीमाओं के बाहर खड़े हैं। यदि ये वाहन बिना आवश्यक प्रक्रिया पूरी किए राज्य में प्रवेश करते हैं तो ई-डिटेक्शन कैमरों के जरिए भारी-भरकम ऑनलाइन चालान होने का खतरा है। वहीं डिवाइस नहीं लगने से नेशनल परमिट और फिटनेस प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण भी अटका हुआ है। जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव गुलशन नागपाल ने कहा कि ट्रांसपोर्टर वीएलटीडी लगाने का विरोध नहीं कर रहे बल्कि इसे लागू करने के लिए पर्याप्त समय और व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि ट्रैकिंग डिवाइस लगने तक अस्थायी परमिट व्यवस्था जारी रखी जाए ताकि मालवाहक वाहनों का संचालन बाधित न हो।

### 3 हजार की डिवाइस 25 से 30 हजार में

ट्रांसपोर्ट संगठनों का आरोप है कि राजस्थान में केवल सीमित कंपनियों को वीएलटीडी लगाने के लिए अधिकृत किया गया है। इन कंपनियों द्वारा एक डिवाइस के लिए 25 से 30 हजार रुपए तक वसूले जा रहे हैं जबकि अन्य राज्यों में यही डिवाइस करीब 3 से 6 हजार रुपए में उपलब्ध है। ट्रांसपोर्टरों ने अधिक कंपनियों को अधिकृत करने और इस संबंध में एसओपी तत्काल जारी करने की मांग की है ताकि वाहन मालिकों को उचित दर पर डिवाइस उपलब्ध हो सके।

### ई-चालानों से बढ़ रही परेशानी

एसोसिएशन के प्रवक्ता राजीव त्रेहन ने कहा कि ई-डिटेक्शन प्रणाली के कारण बड़ी संख्या में लाखों रुपए के ऑनलाइन चालान हो रहे हैं। कई बार वाहन मालिकों को इसकी जानकारी तक नहीं होती और बाद में चालानों की लंबी सूची सामने आती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरटीओ और पुलिस की कार्रवाई से ट्रांसपोर्टर लगातार परेशान हैं।

### लंबी दूरी के वाहनों पर ज्यादा असर

ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का कहना है कि राजस्थान से केरल, चेन्नई, गुवाहाटी सहित अन्य राज्यों में माल ढुलाई करने वाले ट्रकों को अलग-अलग राज्यों का टैक्स और परमिट शुल्क देना पड़ता है। कई मामलों में टैक्स और परमिट का खर्च मालभाड़े के बराबर पहुंच जाता है। ऐसे में ई-डिटेक्शन चालानों का अतिरिक्त बोझ कारोबार को और महंगा बना रहा है।

### 2022 से लागू है व्यवस्था

केंद्र सरकार ने एआईएस-140 सुरक्षा मानकों के तहत व्यावसायिक वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस अनिवार्य किया था। इसके बाद राजस्थान परिवहन विभाग ने वर्ष 2022 से इस व्यवस्था को लागू करना शुरू किया।

### आपूर्ति पर पड़ सकता है असर

ट्रांसपोर्ट संघर्ष समिति का कहना है कि यदि सरकार और ट्रांसपोर्ट संगठनों के बीच जल्द सहमति नहीं बनी तो प्रदेश में सीमेंट, स्टील, किराना, कृषि उपज और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। ट्रांसपोर्टरों ने सरकार से वार्ता कर स्थायी समाधान निकालने, अधिकृत वेंडर्स की संख्या बढ़ाने, फिटनेस और परमिट प्रक्रिया सरल बनाने तथा ई-डिटेक्शन चालान व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

# लियो क्लब ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** लियो क्लब सीकर द्वारा सांसों का कर्ज चुकाना थीम के अंतर्गत सांवली रोड स्थित स्मृति वन, सीकर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छायादार एवं फलदार पौधों का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष लियो दीपांशु मित्तल ने बताया कि क्लब की इस वर्ष की थीम सेव ह्यूमैनिटी है, जिसके अंतर्गत मानवता की सेवा एवं समाजहित के विभिन्न सेवा कार्य वर्षभर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए सत्र के शुभारंभ के साथ जुलाई माह में आयोजित यह पहला वृक्षारोपण कार्यक्रम है, जिसमें क्लब सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख एवं संरक्षण का भी संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर क्लब डायरेक्टर लियो लायन सज्जन अग्रवाल, राजन गुप्ता, मेघा अग्रवाल, स्नेहा खेतान, क्लब कोषाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, खुशी अग्रवाल, अजीत सिंह, हेमंत खेतान सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सौंदर्यकरण के नाम पर लगाए गमले टूटे

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** बिसाऊ नगर पालिका ने कस्बे के सौंदर्यकरण के लिए झुंझुनू-चूरू स्टेट हाईवे पर थाना सर्किल से बाइपास तक तीन साल पूर्व 25 लाख की लागत से रोड के बीच में डीवाइडर और पौधे लगाने के लिए गमले बनाए थे जिनमें पौधे नहीं लगने से सौंदर्यकरण तो नहीं हुआ तथा इसमें 9 गमले टूट भी गये हैं। बिसाऊ के सौंदर्यकरण के लिए पालिका ने 2023 में डीवाइडर और करीब 40-45 गमलों का निर्माण करवाया था लेकिन इन गमलों में आज तक पौधे तक नहीं लगे। यही नहीं इनकी सार-संभाल नहीं रखने से अब तक 9 गमले वाहनों की टक्कर आदि से टूट गये जिनकी मरम्मत तक नहीं हुई। यही नहीं पिछले दिनों नगर पालिका ने डीवाइडर की रिपेयर व कलर कार्य करवाया था उस दौरान भी इन टूटे हुए गमलों की मरम्मत नहीं करवा पाए। इन टूटे हुए गमलों की जल्द मरम्मत करवाने और उनमें पौधे लगाने की बाइपास के दुकानदार सुभाष जांगिड़ ने पालिका से मांग की है।



## इंडियन आर्मी लिखित परीक्षा परिणाम में प्रिंस डिफेंस एकेडमी के रिकॉर्ड 303 चयन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** इंडियन आर्मी द्वारा आयोजित लिखित भर्ती परीक्षा परिणाम में पालवास, सीकर स्थित प्रिंस डिफेंस एकेडमी के रिकॉर्ड 303 चयन हुए हैं। इनमें जीडी में 144, आर्मी टेक्निकल में 107, आर्मी क्लर्क में 39, आर्मी ट्रैड्समैन में 12 एवं आर्मी नर्सिंग असिस्टेंट में 1 चयन शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रिंस डिफेंस एकेडमी में जश्न का माहौल रहा। प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा ने कहा कि इस उपलब्धि में सालभर किये गये शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक प्रयास, परीक्षा हेतु चलाई गई विशेष रणनीति व धुरंधर टेस्ट सीरीज की विशेष भूमिका रही है। प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा ने कहा कि लिखित परीक्षा में सफल विद्यार्थियों हेतु फिजिकल के विशेष बैच 15 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक कैप्टन रामकरण चौधरी, एकेडमिक हेड प्रदीप जांगड़ा व छात्रावास प्रबंधक राधेश्याम यादव ने चयनित विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं फिजिकल ट्रैनर्स को बधाइयाँ दी।

## इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता व पौधरोपण आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में शनिवार को इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में सभी हाउस के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक रंगोलियां बनाई। विद्यार्थियों ने रंगों के सुंदर संयोजन और अपनी कल्पनाशक्ति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। निर्णायकों ने रंगोली की विषय-वस्तु, प्रस्तुति और रचनात्मकता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को पौधों के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल व प्राचार्य विजय मसीह ने बच्चों के प्रयास की सराहना की और बताया कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखरने का अवसर मिला। प्राचार्य विजय मसीह ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करने के साथ-साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी पैदा करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाना जरूरी है। जिससे विद्यार्थियों को सीखने के साथ नई प्रेरणा भी मिलती है। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## वित्त मंत्री ने बैंकों से कहा- एनआरआई तक पहुंच बढ़ाएं, विदेशी मुद्रा जुटाने में लाएं तेजी

नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी), सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों (पीएफआई) तथा निजी बैंकों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एफसीएनआर(बी), बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) और विदेशी मुद्रा उधार (ओएफसीबी) स्वैप पहलों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने बैंकों से अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) तक अपनी पहुंच और मजबूत करने तथा धन जुटाने की मौजूदा गति को बनाए रखने का आह्वान किया।

### बैंकों ने स्वैप योजनाओं में दिखाई अच्छी प्रगति

बैठक में वित्तीय सेवा विभाग, आर्थिक कार्य विभाग और राजस्व विभाग के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बैंकों के प्रमुखों ने वित्त मंत्री को एफसीएनआर(बी) जमा, ईसीबी और ओएफसीबी के लिए आरबीआई की स्वैप सुविधा योजनाओं के तहत हुई प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इन पहलों को अनिवासी भारतीयों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है और तीनों योजनाओं में अच्छी रुचि देखने को मिल रही है।

### एनआरआई से मिल रहा सकारात्मक प्रतिसाद

बैंकों के प्रबंध निदेशकों और सीईओ ने बताया कि एफसीएनआर(बी) जमाओं पर आकर्षक रिटर्न दिए जा रहे हैं, जिनमें पांच वर्ष की जमाएं भी शामिल हैं। नई एफसीएनआर(बी) जमाओं पर ब्याज दर की सीमा निलंबित किए जाने से भी इस योजना को गति मिली है।

# राजस्थान में सितंबर-नवंबर के बीच हो सकते हैं पंचायत-निकाय चुनाव!

## कोर्ट के 31 जुलाई तक करवाने के निर्देश थे

जयपुर।

राजस्थान में पंचायत और निकाय चुनाव सितंबर से नवंबर के बीच होंगे। इसके संकेत हाईकोर्ट में सरकार की ओर से लगाए गए चुनाव टालने के प्रार्थना पत्र में मिलते हैं। सरकार ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र लगाकर 31 जुलाई तक चुनाव कराने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। सरकार ने प्रार्थना पत्र में ओबीसी आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग के साथ हुए पत्राचार की डिटेल देते हुए कोर्ट से चुनाव टालने की मांग की है। सरकार ने कहा कि अभी तक ओबीसी आयोग से राजनीतिक आरक्षण की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। प्रदेश में ओबीसी की जनसंख्या 50 प्रतिशत है। ऐसे में उनके राजनीतिक आरक्षण का निर्धारण किए बिना चुनाव कराना उचित नहीं होगा। इसलिए चुनाव कराने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए।

### ओबीसी आयोग 14 अगस्त तक रिपोर्ट देगा

सरकार ने प्रार्थना पत्र में कहा कि ओबीसी आयोग ने जिला कलेक्टरों को 4, 19 और 30 जून को सर्वे संबंधित निर्देश दिए थे। इसके बाद 10 से 23 जुलाई तक प्रदेश में ओबीसी के आकड़ों का सर्वे चल रहा है। सर्वे के बाद आकड़ों का विश्लेषण करके आयोग 14 अगस्त तक रिपोर्ट सौंपेगा। इसके बाद सरकार 31 अगस्त तक विभिन्न वर्गों के आरक्षण का विवरण राज्य निर्वाचन आयोग को दे सकेगी।

### निर्वाचन आयोग ने मांगा 90 दिन का समय

सरकार ने निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतीराज विभाग को लिखे पत्र का हवाला देते हुए कहा- राज्य निर्वाचन आयोग का कहना है कि सरकार से आरक्षण अनुसार जानकारी मिलने के बाद निर्वाचन आयोग को चुनाव प्रक्रिया पूरी करने में करीब 90 दिन का समय लगेगा। नगरीय निकायों के चुनाव आयोग ने दो चरणों में कराने के लिए 40 दिन और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव चार चरणों में कराने के लिए 50 दिन का समय मांगा है। सरकार के इस जवाब से पता चलता है कि अगर सरकार 31 अगस्त तक आरक्षणवार विवरण राज्य निर्वाचन आयोग को सौंप देती है तो आयोग सितंबर से नवंबर तक पंचायत-निकाय चुनाव करा लेगा।




### कोर्ट ने दिए थे 31 जुलाई तक चुनाव कराने के आदेश

राजस्थान हाईकोर्ट ने पहले आयोग और सरकार को 15 अप्रेल तक प्रदेश में निकाय और पंचायत चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सरकार और आयोग ने अदालत में प्रार्थना पत्र लगाकर चुनाव टालने की अपील की थी। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने समय देते हुए 31 जुलाई तक हर हाल में चुनाव कराने के लिए कहा था। वहीं, ओबीसी आयोग को भी 20 जून तक अपनी रिपोर्ट देने के लिए बोला था।

# राजस्थान में बारिश पर लगा ब्रेक! अगले 5-6 दिन मौसम शुष्क

जयपुर

राजस्थान में दक्षिण-पश्चिम मानसून के पहले दौर के बाद अब इसकी गतिविधियों में कमजोरी देखने को मिल रही है. प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने के साथ ही अगले करीब एक सप्ताह तक बड़े हिस्से में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश की गतिविधियां कमजोर रहेंगी. वहीं पूर्वी राजस्थान में भी अगले पांच से छह दिनों तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क रह सकता है. हालांकि कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है. मौसम विभाग के दैनिक पूर्वानुमान के अनुसार 13 से 15 जुलाई तक पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहने की संभावना है. 16 और 17 जुलाई को पूर्वी राजस्थान के उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है. वहीं 18 और 19 जुलाई को जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना जताई गई है. दूसरी ओर पश्चिमी राजस्थान में 19 जुलाई तक मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है.

### पश्चिमी राजस्थान में मौसम रहेगा शुष्क

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकांश हिस्सों में आगामी एक सप्ताह तक मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है. मानसून की सक्रियता कमजोर होने के कारण इन क्षेत्रों में फिलहाल व्यापक बारिश के आसार कम हैं. बारिश की गतिविधियों में कमी आने से दिन के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है. खास तौर पर पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में गर्मी और उमस लोगों को परेशान कर सकती है. हालांकि स्थानीय मौसम परिस्थितियों के कारण कहीं-कहीं बादल छाने की स्थिति बन सकती है. एक कमजोर मौसम तंत्र के प्रभाव से 16 और 17 जुलाई को बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू सहित आसपास के जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है. यह बारिश सीमित क्षेत्रों में दर्ज की जा सकती है और फिलहाल व्यापक मानसूनी गतिविधियों की संभावना नहीं जताई गई है. मौसम विभाग के मुताबिक कमजोर सिस्टम के कारण कुछ स्थानों पर बादल छाने और हल्की बारिश की स्थिति बन सकती है. इससे स्थानीय स्तर पर तापमान और उमस से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है.



# भारत व जापान के बीच 8वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता

## स्वतंत्र व नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्धता

नई दिल्ली

भारत व जापान के बीच टोक्यो में 8वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता आयोजित की गई है। इस महत्वपूर्ण वार्ता का उद्देश्य दोनों देशों के रक्षा क्षेत्र में बढ़ते संयुक्त सहयोग को और मजबूत बनाना है। 13 जुलाई को हुई यह वार्ता भारत व जापान के रक्षा संबंधों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस दौरान भारत और जापान ने एक बार फिर स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

दोनों देशों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान पर आधारित व्यवस्था ही क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित कर सकती है। बैठक में रक्षा औद्योगिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचार किया गया। दोनों देशों ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर बढ़ते सामंजस्य पर संतोष व्यक्त किया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में निकट सहयोग जारी रखने पर सहमति जताई।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप रक्षा मंत्री कानो कोजी ने की। बैठक में दोनों पक्षों ने पिछली रक्षा नीति वार्ता के बाद द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई उल्लेखनीय प्रगति की समीक्षा की और भारत-जापान विशेष सामरिक एवं वैश्विक साझेदारी को और सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। टोक्यो में गई वार्ता के दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य पर व्यापक चर्चा हुई। दोनों देशों ने आपसी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में सैन्य आदान-प्रदान, संयुक्त मुख्यालयों के बीच सहयोग, समुद्री सुरक्षा सहयोग व रक्षा अभ्यास पर चर्चा की गई। इसके अलावा क्षमता निर्माण, रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी सहयोग, समुद्री प्रौद्योगिकी तथा संस्थागत संपर्कों को और बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग के लगातार विस्तार का स्वागत करते हुए उच्च स्तरीय संवाद और नियमित बैठकों के महत्व पर जोर दिया। इस वर्ष प्रस्तावित मंत्रिस्तरीय यात्राओं तथा भारत-जापान '2 प्लस 2' वार्ता से संभावित परिणामों पर भी चर्चा की गई।



## चांदी 1,668 गिरकर 2.19 लाख किलो पर आई : एक महीने में 24 हजार कीमत कम हुई

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 13 जुलाई को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी 1,668 रुपए घटकर 2.19 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,180 रुपए घटकर 1.42 लाख रुपए आ गया है। बीते 1 महीने में चांदी की कीमत 24 हजार और सोने की कीमत 6 हजार रुपए कम हो चुकी है। 14 जून को चांदी 2.43 लाख और 1.48 लाख रुपए पर था। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे।

## सार्वजनिक सूचना

यह कि मेरे मुवकिल मंजूल कुमार ढिल्लन पुत्र दुर्गाप्रसाद जाति जाट निवासी नालपुरा तहसील व जिला झुंझुनूं ने अपने आवासीय प्लोट नं 371 क्षेत्रफल 343.00 वर्ग गज को जरिये विक्रय पत्र अनिल कुमार पुत्र रामनिवास झाझड़िया जाति जाट निवासी राणासर तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं से प्राप्त किया था । जिसका पंजीयन उप पंजियक झुंझुनू जिला झुंझुनू में दिनांक 16.10.2023 में पंजीबद्ध किया गया है। जिसके क्रमांक नं 202303228107794 है जो उक्त आवासीय प्लोट नं 371 खसरा नं 3742, 3742/3927, 3747/4003, 3747/4051 कस्बा झुंझुनूं तहसील व जिला झुंझुनू में स्थित है, उक्त प्लोट पिछे का असल विक्रय पत्र दिनाकित 02.08.2017 कही गुम हो गई हैं। जिसके कमांक नं 201703228102380 है। उक्त विक्रय पत्र विकास पुत्र बाबूलाल निवासी किसान कोलोनी द्वारा अनिल कुमार पुत्र रामनिवास झाझड़िया के पक्ष में विक्रय किया गया था उक्त असल विक्रय पत्र किसी के पास हो तो मेरे मुवकिल या मुझे लौटा देवें। अब मेरा मुवकिल मंजूल कुमार ढिल्लन पुत्र दुर्गाप्रसाद जाति जाट निवासी नालपुरा तहसील व जिला झुंझुनूं अपने उक्त आवासीय प्लोट पर PNB Housing Finance से लोन ले रहा है। जिसमें मेरी मुवकील मंजूल कुमार ढिल्लन पुत्र दुर्गाप्रसाद जाति जाट निवासी नालपुरा तहसील व जिला झुंझुनूं द्वारा लोन लेने पर किसी को भी कोई आपत्ती/एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज /उज्र पर विचार नही किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मोबाईल नं 9413434882**

## राजस्थान में ट्रांसपोर्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल:10 हजार ट्रकों के पहिए थमे; बोले-3 हजार की डिवाइस के लिए वसूल रहे 30 हजार




**जयपुर।** राजस्थान में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (ङ्करुञ्जष्ठ), परमिट और ई-डिटेक्शन चालान को लेकर ट्रांसपोर्टर रविवार रात 12 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। राजस्थान ट्रक ट्रांसपोर्ट संघर्ष समिति के आह्वान पर प्रदेशभर में करीब 10 हजार ट्रकों के पहिए थम गए हैं। अलवर में ट्रांसपोर्टर ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और बाजार की दुकानों को भी बंद कराया। ट्रांसपोर्ट संगठनों का कहा-सरकार ने नियम तो लागू कर दिए, लेकिन उन्हें लागू करने के लिए जरूरी व्यवस्था नहीं की, जिसका खामियाजा वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को भुगतना पड़ रहा है। जब तक उनकी मांगों पर ठोस फैसला नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन को प्रदेश के कई बड़े ट्रांसपोर्ट संगठनों का समर्थन मिला है। लॉजिस्टिक्स एंड ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन, जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन, विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, जयपुर परचून ट्रांसपोर्ट यूनियन और ऑल राजस्थान कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बस ऑपरेटर एसोसिएशन सहित कई संगठनों ने हड़ताल का समर्थन किया है।

## बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी- मुख्य आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा:पुलिस बोली- 500 के नोट, सोने-चांदी के सिक्के मोबाइल के नीचे छिपाकर ले जाता था

**चमोली।** बद्रीनाथ में चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार क्चय्रञ्जष्ट के निलंबित पर्सनल असिस्टेंट प्रमोद नौटियाल को सोमवार को जोशीमठ की सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एवं प्रभारी न्यायिक मजिस्ट्रेट हिना कौसर की अदालत में पेश किया गया। न्यायालय में विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इससे पहले चमोली पुलिस की स्ह्रत्र ने 12 जुलाई की रात करीब 10 बजे देहरादून के नेहरू कॉलोनी स्थित उनके आवास से प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार किया था। उन्हें चमोली लाकर बद्रीनाथ थाने में उनसे और मंदिर समिति के चार कर्मचारियों से पूछताछ की गई। पुलिस मामले में मनी ट्रेल समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच कर रही है। पूछताछ के दौरान जब प्रमोद नौटियाल से पूछा गया कि क्या चढ़ावा चोरी के मामले में मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी भी शामिल हैं, तो उन्होंने सिर हिलाकर नहीं में जवाब दिया। चमोली पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई को प्रभारी मंदिर अधिकारी युद्धवीर पुष्पवाण की शिकायत पर बद्रीनाथ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## नगालैंड में आईईडी ब्लास्ट, असम राइफल्स का जवान शहीद:चार घायल, सुरक्षाकर्मी रुटीन मूवमेंट के तहत गुजर रहे थे, तभी गाड़ी उड़ाई

**कोहिमा।** नगालैंड में शोखुवी-चुमौकेदिमा रोड पर संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस धमाके में असम राइफल्स का एक जवान शहीद हो गया और चार अन्य घायल हो गए। कोहिमा में डिफेंस पब्लिक रिलेशंस ऑफिसर ने बताया कि धमाका सोमवार को नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में सुखोवी (शोखुवी) के पास हुआ। यहां असम राइफल्स का एक बड़ा ट्रेनिंग सेंटर है। पहले से लगाए गए ढ्ढश्वष्ठ ने असम राइफल्स की गाड़ियों के काफिले को निशाना बनाया, जब सुरक्षाकर्मी रुटीन मूवमेंट के तहत उस इलाके से गुजर रहे थे। घायल चार जवानों को तुरंत वहां से निकालकर इलाज के लिए पास के मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

## 7 दिन में फिर रफ्तार पकड़ेगा मानसून अभी राजस्थान-गुजरात समेत कई राज्यों में कमजोर

### यूपी-बिहार समेत 18 राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में बीते 3-4 दिनों में कमजोर पड़ा मानसून 20 जुलाई से फिर रफ्तार पकड़ेगा। सैटेलाइट इमेज में पूर्वी, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के ऊपर घने बादल दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के ऊपर बने चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के कारण अगले कुछ दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। मौसम विभाग ने आज उत्तर प्रदेश, बिहार समेत 18 राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 6-7 दिनों तक कई जगह अच्छी से भारी बारिश होने का अनुमान है।

### उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से 126 सड़कें बंद

उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण कई जगह लैंडस्लाइड हुई है। 2 नेशनल हाईवे समेत 126 सड़कें बंद हैं। स्यानाचट्टी के पास ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे रविवार को लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा। हरियाणा में हिमाचल से आ रहे पानी के कारण यमुना और मारकंडा नदी में पानी बढ़ गया है। इससे कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। दिल्ली में बारिश से यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। रविवार को यमुना नदी में नहाने गए 4 बच्चे तेज बहाव में बह गए।

**Office of Executive Engineer Watershed Development and Soil Conservation, Block Neemkathana (Sikar)**

No.: 306-315 Date: 07/07/2026

**NOTICE INVITING BID**

**Tender No 10-12 Year 2026-27**

Bids for PT, Farm pond & ECD in MJSA 2.2 & MJSA 2.3 Project Area in Blocks-Neemkathana in District Sikar Rajasthan are invited from interested bidders from Date 09.07.2026 Time 10.00 AM to Date 20.07.2026 Time 6.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and https://water.rajasthan.gov.in/wdsc

NIB No. WSC2627A0611

UBN No.- WSC2627WSOB01035, WSC2627WSOB01036, WSC2627WSOB01037

**(Sanjeev Yadav)**
Executive Engineer WDSC,
DIPR/C/12210/2026 Block Neemkathana

# कार्यालय नगर परिषद फतेहपुर शेखावाटी (सीकर)

क्रमांक-न.प.फ/2026-27/4818 दिनांकः-13.07.2026

## -:: सार्वजनिक विज्ञप्ति ( आपति आमन्त्रण-पत्र )::-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्य की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपति निम्न अद्योहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर आपतियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदक के पक्ष में कर दिया जावेगा:-

| क्र.सं. | आवेदकगण का नाम | एरिया | आवेदक द्वारा चाहा गया प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री युनुस पुत्र श्री महमूद अली, वार्ड न. 35 मोहल्ला मोमीनपुरा, फतेहपुर | 168.72 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 02 | श्रीमती गुलसन पत्नी श्री मोहम्मद आरीफसब्जीफरोस, वार्ड न.7, मदनी मस्जिद के पास, फतेहपुर | 228.89 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 03 | श्रीमती रहीसा बानो पत्नी श्री युसूफ खां मोयल, वार्ड न. 16, चित्ती का कुआ के पास, फतेहपुर | 59.47 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 04 | श्री सिंकन्दर पुत्र श्री सादिक, वार्ड न. 11, चेजारो की मस्जिद के पास, फतेहपुर | 142.15 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 05 | श्रीमती संगीता कुमारी पत्नी श्री केशर देव, वार्ड न. 33, चुरु बस स्टेण्ड के पास, फतेहपुर | 93.11 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 06 | श्रीमती पुष्पा लता गोस्वामी पत्नी श्री जय प्रकाश गोस्वामी, वार्ड न. 12, गोस्वामी का मोहल्ला, फतेहपुर | 90.81 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 07 | श्री गुलाम मुस्तफा बेग पुत्र श्री मुनीर बेग, वार्ड न. 28, दरगाह सरीफ के पास, फतेहपुर | 53.89 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 08 | श्री अहमद वासिद पुत्र श्री अहमद सत्तार, वार्ड न. 5, कागलिया कुआ के पास, फतेहपुर | 119.76 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 09 | श्रीमती बनारसी देवी पत्नी श्री गिरधारी लाल, वार्ड न 33, चुरु बस स्टेण्ड के पास, फतेहपुर | 171.25 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 10 | श्रीमती आसमा बानो पत्नी श्री मुकरम अली परिहार, वार्ड न. 16, चित्ती के कुए के पास, फतेहपुर | 58.60 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 11 | श्रीमती परवीन पत्नी श्री बिलाल अहमद, वार्ड न. 19, चित्ती के कुए के पास, फतेहपुर | 57.55 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 12 | श्रीमती फूली देवी पत्नी श्री महेन्द्र सिंह भास्कर, सिंघानिया चौक, फतेहपुर | 300.00 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 13 | श्री संजय कुमार पुत्र श्री पवन कुमार सैनी, वार्ड न. 51, जांगिड वैद्विक विद्यालय के पास, फतेहपुर | 163.74 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 14 | श्री तोफिक शेख, मो. फयाज शेख पुत्रगण श्री फारुक शेख, वार्ड न. 41, शेखो का मोहल्ला, फतेहपुर | 131.2 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 15 | श्री ब्रम्ह दत्त पुत्र श्री गंगा राम सोनी, भातरा की बगीची के पास, फतेहपुर | 250.88 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 16 | श्रीमती परमेश्वरी पत्नी श्री अशोक कुमार, श्री डेडराज पुत्र श्री हनुमान प्रसाद, वेद प्रकाश पुत्र श्री हनुमान प्रसाद, एस के देवडा स्कूल के पास, फतेहपुर | 116.6 वर्ग मीटर | स्टेट ग्रान्ट एक्ट में नवीन पट्टा चाहने बाबत। |
| 17 | श्री मुरारी लाल प्रजापति, लालचन्द पुत्रगण श्री जमनालाल प्रजापत, वार्ड न. 33, भातरा की बगीची के पास, फतेहपुर | 188.19 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 18 | श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री मामराज, वार्ड न. 31, दुर्गा कॉलोनी, फतेहपुर | 297.28 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 19 | श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री मामराज, वार्ड न. 31, दुर्गा कॉलोनी, फतेहपुर | 148.65 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 20 | श्री दाउद पुत्र श्री यासीन जिन्द्राण, वार्ड न. 13, बडी मस्जिद के पास, फतेहपुर | 104.83 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 21 | श्री मोहम्मद रमजान पुत्र श्री मोनीरुदीन, वार्ड न. 10, पठान अस्पताल के पास, फतेहपुर | 65.24 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 22 | श्रीमती फिरदोस पत्नी श्री सलीम, वार्ड न. 4, मोहल्ला व्यापारियान, फतेहपुर | 66.60 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 23 | श्री शाकिर बेग पुत्र श्री गुलाम मुस्तफा बेग, वार्ड न. 28, दरगाह शरीफ के पास, फतेहपुर | 183.34 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 24 | श्री नासिर बेग पुत्र श्री गुलाम मुस्तफा बेग, वार्ड न. 28, दरगाह शरीफ के पास, फतेहपुर | 275.41 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 25 | श्री गुलाम मुस्तफा बेग पुत्र श्री मुनीर बेग, वार्ड न. 28, दरगाह शरीफ के पास, फतेहपुर | 278.53 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 26 | श्रीमती फरजाना फारुकी पत्नी श्री इमरान फारुकी, वार्ड न. 28, दरगाह हाजी नजमुदीन के पास, फतेहपुर | 200.00 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 27 | श्रीमती अफरोक्ता बानो पत्नी श्री आरिफ इकबाल, वार्ड न. 28, दरगाह हाजी नजमुदीन के पास, फतेहपुर | 188.00 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 28 | श्री साद पुत्र श्री यासीन सोलंकी, वार्ड न. 02 पठान अस्पताल के पास, फतेहपुर | 208.34 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 29 | इस्लामिया अशरफूल उलूम एज्यूकेशन सोसायटी जरिये मोहम्मद उमर अब्दुल सकुर, वार्ड न. 12,, बिलाल मस्जिद के पास, फतेहपुर | 1195.14 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 30 | श्रीमती मुसर्रत पत्नी श्री इसहाक पीर, वार्ड न. 7, इमाम बाग के पास, फतेहपुर | 115.25 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 31 | श्री मोहम्मद फारुक पुत्र श्री अब्दुल गनी, श्रीमती बन्नू बानो पत्नी श्री मोहम्मद फारुक, वार्ड न. 10, आजाद स्कूल के पास, फतेहपुर | 115.00 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 32 | श्रीमती खातुन पत्नी श्री इब्राहिम खोकर, वार्ड न. 10, मोहल्ला नायकान, फतेहपुर | 209.53 वर्ग मीटर | 69 क में आवासीय भूमि से मास्टर प्लान के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 33 | श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री ताराचन्द प्रजापत, सेन्टथोम स्कूल के पास, फतेहपुर | 238.99 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 34 | श्रीमती प्रियंका पत्नी श्री मिंकु, वार्ड न. 31, रामगढ रोड़, फतेहपुर | 139.35 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 35 | श्री गिरधारीलाल पुत्र श्री कुल्डाराम, वार्ड न. 6, मोहल्ला सांसियो का, फतेहपुर | 421.03 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 36 | श्री अब्दुल्लाह, श्री मोहम्मद केफ पुत्रगण श्री मोहम्मद आमीन काजी, वार्ड न. 6, जहांगीर का कुआ के पास, फतेहपुर | 184.03 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 37 | श्रीमती मरियम बानो पत्नी श्री गुलामु खान, वार्ड न. 55, मोहल्ला मोमीनपुरा, फतेहपुर | 132.78 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 38 | श्रीमती अनिता पत्नी श्री बनवारी लाल, वार्ड न. 06, माण्डेला रोड, फतेहपुर | 139.40 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 39 | श्री कमल बालान पुत्र श्री कियान लाल बालान, वार्ड न. 6, जहांगीर का कुआ के पास, फतेहपुर | 159.87 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 40 | श्रीमती गरिमा देवी पत्नी श्री हरीराम, निमावत स्कूल सामने, अमृत विहार कॉलोनी, फतेहपुर | 153.69 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 41 | श्री विनोद कुमार पुत्र श्री भागीरथ मल, वार्ड न. 2, आचार्यो के मन्दिर के पास, फतेहपुर | 211.89 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 42 | श्री ओम प्रकाश बगडिया पुत्र श्री घडसीराम बगडिया, वार्ड न. 2, आचार्यो के मन्दिर के पास, फतेहपुर | 315.33 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 43 | श्री किशन कुमार पुत्र श्री विमल कुमार सोनी, वार्ड न. 52, जालान स्कूल के पास, लक्ष्मीनाथ नगर, फतेहपुर | 127.55 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 44 | श्री अजय भातरा पुत्र श्री गोविन्द प्रसाद भातरा, वार्ड न. 52, जालान स्कूल के पास, लक्ष्मीनाथ नगर, फतेहपुर | 148.69 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 45 | श्री सुशील कुमार पुत्र श्री बालूराम प्रजापत, वार्ड न. 53, लक्ष्मीनाथ नगर, फतेहपुर | 167.28 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 46 | श्री सोहन लाल जांगिड़ पुत्र श्री रतनलाल जागिड़, सरदारपुरा बस स्टेण्ड के पास, फतेहपुर | 669.14 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 47 | श्री मामराज पुत्र श्री मुंगाराम, दो जांटी बालाजी मन्दिर के पास, फतेहपुर | 267.55 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 48 | श्री प्रभुदयाल पुत्र श्री हीरालाल प्रजापत, वार्ड न. 53, धोली सत्ती मन्दिर के पास, फतेहपुर | 140.10 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 49 | श्री काजी हुसैन अली पुत्र श्री काजी ताहिर अली, वार्ड न. 55, फतेहपुर | 846.30 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 50 | मदरसा इस्लामिया अशरफूल उलूम जरिये मोहम्मद उमर अब्दुल सकूर, वार्ड न. 8 उस्मानिया मस्जिद के पास, फतेहपुर | 97.1 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 51 | मदरसा इस्लामिया अशरफूल उलूम जरिये मोहम्मद उमर अब्दुल सकूर, वार्ड न. 8 उस्मानिया मस्जिद के पास, फतेहपुर | 247.98 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 52 | मदरसा इस्लामिया अशरफूल उलूम जरिये मोहम्मद उमर अब्दुल सकूर, वार्ड न. 8 उस्मानिया मस्जिद के पास, फतेहपुर | 264.86 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 53 | श्री मो. आबिद खान पुत्र श्री अल्लादीन खान, वार्ड न. 7, मोमीनपुरा, फतेहपुर | 185.50 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 54 | श्री मुख्तयार पुत्र श्री फैज मोहम्मद खां, वार्ड न. 55, मोमीनपुरा, फतेहपुर | 371.74 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 55 | श्री जगदीश सिंह शेखावत पुत्र श्री शिवपाल सिंह शेखावत, लक्ष्मीनाथ नगर, फतेहपुर | 334.57 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 56 | श्री इस्माइल पुत्र श्री घासी सिक्का, वार्ड न. 55, मोहल्ला मोमीनपुरा, फतेहपुर | 103.15 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |
| 57 | श्रीमती माया वर्मा पत्नी श्री मनीष कुमार, वार्ड न. 18, एस के देवडा स्कूल के पास, फतेहपुर | 187.88 वर्ग मीटर | कृषि भूमि नियमन के अनुसार आवासीय पट्टा चाहने हेतु |

आयुक्त
नगर परिषद फतेहपुर

# जयपुर रनर्स क्लब की नई टीम ने संभाली कमान

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में रनिंग और फिटनेस संस्कृति को जन-आंदोलन का स्वरूप देने वाले जयपुर रनर्स क्लब की वर्ष 2026-2028 की नई नेतृत्व टीम ने विधिवत कार्यभार संभाल लिया। जयपुर में आयोजित भव्य इंस्टॉलेशन समारोह में प्रशासन, उद्योग, खेल एवं सामाजिक क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों, क्लब के संस्थापकों, सदस्यों और रनिंग समुदाय की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि आईपीएस राजीव पचार, आईआरएस सुशील कुल्हारी, जयपुर के उप महापौर पुनीत कर्णावत, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, सीतापुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन एवं यूनाइटेड काउंसिल ऑफराजस्थान इंडस्ट्रीज की संस्थापक संरक्षक सुभद्रा पापड़ीवाल, तिजारिया ग्रुप ऑफ कम्पनीज के चेयरमैन रमेश जैन तिजारिया तथा लघु उद्योग भारती राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र मिश्रा रहे। अतिथियों ने क्लब द्वारा पिछले डेढ़ दशक से फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद वर्ष 2024-2026 की उपलब्धियों पर आधारित ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई। क्लब के सह-संस्थापक मुकेश मिश्रा ने जयपुर रनर्स क्लब की स्थापना, उसके विजन और राजस्थान में रनिंग संस्कृति को विकसित करने की प्रेरक यात्रा साझा की जबकि सह-संस्थापक रवि गोयनका ने क्लब की सामुदायिक भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। निवर्तमान अध्यक्ष प्रवीण जैन तिजारिया ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सदस्यों, स्वयंसेवकों, प्रायोजकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद नई कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से दायित्व सौंपे गए। नई टीम में दीपक शर्मा को अध्यक्ष, विकास जैन को कार्यकारी अध्यक्ष, सुशील कुल्हारी एवं निपुण वाधवा को उपाध्यक्ष, डॉ आस्था पारीक को सचिव, ऋषभ दुगड़ को कोषाध्यक्ष, भावना पारीक को संयुक्त सचिव, राजेश चौधरी को जेआर रन अकादमी का अध्यक्ष तथा मोनिका चौधरी को सोशल मीडिया प्रमुख बनाया गया। इसके अलावा अभिषेक मिश्रा, आनंद गुप्ता, अंकित तिवारी, अंशुल जैन, आशीष गुप्ता, इरफान खान, पवन शर्मा, राहुल बंसल, राजेंद्र त्यागी, सचिन भाटिया, शशि किरण, शिव कुमार भारद्वाज एवं विवेक चतार को कार्यकारी निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी पदाधिकारियों और जोनल डायरेक्टर्स ने क्लब के ध्वज के साथ नेतृत्व की शपथ लेते हुए शहर में रनिंग, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में दीपक शर्मा ने कहा कि आगामी दो वर्षों में जयपुर रनर्स क्लब सदस्य सहभागिता, युवा नेतृत्व, महिला रनिंग, रन अकादमी और सामुदायिक फिटनेस अभियानों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य केवल दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन करना नहीं बल्कि पूरे समाज में स्वस्थ जीवनशैली की संस्कृति विकसित करना है।

## घांघू हत्याकांड में तीन दोषियों को उम्रकैद

पांच लोगों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में आया फैसला



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** सदर थाना क्षेत्र के घांघू गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर हुए जानलेवा हमले और एक युवक की हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोनिका पुरोहित ने मामले में दोषी पाए गए इमरान, इरफान और मकसूद खान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर 50-50 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। अभियोजन के अनुसार 16 अप्रैल 2023 को युसुफ खान अपने भतीजों आरिफ खान और फरमान खान के साथ मस्जिद से नमाज अदा कर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे जाफर खान, इमरान, इरफान, मकसूद खान और खुशी उर्फ शमशेर ने उन्हें रोक लिया और लोहे के पाइप तथा लाठियों से हमला कर दिया। हमले में फरमान खान और आरिफ खान के सिर पर गंभीर चोटें आई जबकि युसुफ खान भी घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए राजकीय डीबी अस्पताल, चूरू ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने फरमान खान को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य घायलों का उपचार किया गया। घटना के बाद सदर थाना पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से जिला अभियोजक रोशन सिंह ने पैरवी की। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने इमरान, इरफान और मकसूद खान को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई।

## शहर अतिक्रमण की चपेट में, प्रशासन मौन



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर जगह-जगह अतिक्रमण की चपेट में आ गया लेकिन प्रशासन मौन साधे बैठा है। दूकानदारों द्वारा फुटपाथ पर सामान लगाना, सैकड़ों की संख्या में हाथ ठेले लगाकर जगह-जगह जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई। शहर में बेतरतीब पार्किंग और स्थायी-अस्थायी अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। पूर्वी दरवाजा, लिंक रोड, मंगलदत्त विद्यालय के पास, गणेश मंदिर सब्जी मंडी, स्टेशन रोड, अग्रसेन भवन, राजकीय अस्पताल, गांधी बाल निकेतन स्कूल मार्ग, सालासर बस स्टैंड और रोडवेज बस स्टैंड क्षेत्र में प्रतिदिन जाम लगने से आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पुलिस समय-समय पर कार्रवाई करती है लेकिन कुछ लोग राजनीतिक संरक्षण का हवाला देकर नियमों की अनदेखी करते हैं। शहरवासियों का कहना है कि अब जरूरत केवल औपचारिक अभियान चलाने की नहीं बल्कि अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के नियमित व ठोस कार्रवाई की है। उनका मानना है कि प्रमुख बाजारों में यातायात पुलिस की प्रभावी तैनाती, नो-पार्किंग नियमों की सख्ती से पालना और लगातार अतिक्रमण हटाने के अभियान से ही शहर को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सकती है।

## जाट ने संभाला संदर्भ व्यक्ति का कार्यभार

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** एसीबीईओ कार्यालय बीदासर में संदर्भ व्यक्ति का पद का कार्यभार नेमीचंद जाट ने संभाल लिया है। इस दौरान एसीबीईओ बजरंग तेतरवाल, प्रेम रतन, सही राम, अंकित शर्मा, शैतानाराम, मोहन निठारवाल, राजू पूनिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। मौजूद लोगों ने नेमीचन्द जाट को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पेयजल संकट : भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन सौंपकर की व्यवस्था सुचारू करने की मांग

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** भारतीय किसान संघ ने जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश जांगिड़ को ज्ञापन सौंपकर तारानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पिछले काफी समय से गहराए पेयजल संकट का निराकरण कर गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है। ज्ञापन में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि? क्षेत्र के बुचावास, सातमील, चूनाराम की ढाणी, तोगावास, लाखनवास, गाजूवास, गडाणा, ढाणा भाकरान सहित दर्जनों गांवों में पिछले 15 से 20 दिनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है। जहां पानी आ भी रहा है, वहां प्रेशर इतना कम है कि वह अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण और उनके मवेशी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भीषण गर्मी व ग्रामीणों की पेयजल आवश्यकता को देखते हुए गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है। संघ ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जलदाय विभाग ने इस गंभीर समस्या पर जल्द संज्ञान लेकर जलापूर्ति सुचारू नहीं की तो भारतीय किसान संघ द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूर्णतः प्रशासन की होगी। अधिशाषी अभियंता राजेश जांगिड़ ने आश्वस्त किया कि वर्तमान में जिन गांवों में 15-20 दिनों से जलापूर्ति बाधित है वहां तुरंत तकनीकी सुधार किया जाएगा। इसके साथ ही चौधरी कुंभाराम आर्य लिफ्ट कैनाल से पानी लेकर संचालित किए जा रहे तारानगर पांडूसर पैकेज के कार्यों में तेजी लाकर इसे तय समय सीमा अक्टूबर में पूरा किया जाएगा ताकि क्षेत्र को स्थायी रूप से पेयजल संकट से मुक्ति मिल सकेगी। इस मौके पर भारतीय किसान संघ तारानगर तहसील अध्यक्ष महावीर गुगड़, तहसील प्रभारी डॉक्टर अंकुर कुलेरी, रणजीतसिंह तंवर सहित अनेक किसान प्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शिक्षकों ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ट्रांसफर के नाम पर हजारों शिक्षकों को परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए राजस्थान शिक्षक संघ एसटीएफआई की सुजानगढ़ उपशाखा द्वारा रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया और उसके बाद मुख्यमंत्री के नाम उपखंड कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी के अनुसार गणेश मंदिर पर शिक्षक एकत्रित हुए और शिक्षामंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में उपखंड कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर नायब तहसीलदार असलम खान को यह ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि सत्र के प्रारंभ में जहां नामांकन अभियान का कार्यक्रम चल रहा है, उस दौरान हजारों शिक्षकों को तबादलों के नाम पर प्रताड़ित कर शैक्षिक ढांचे को कमजोर करने का काम किया गया है। और तो और मानवीय संवेदनाओं को दरकिनार करते हुए अच्छा कार्य करने वाले, असाध्य रोग से पीड़ित, विधवा और दिव्यांग शिक्षकों को भी दूरस्थ स्थानों पर लगाया गया है। इसलिए जल्द से जल्द ये तबादला आदेश निरस्त किए जावें, वरना शिक्षक आंदोलन को और ज्यादा उग्र करेंगे। उप शाखा मंत्री शिवपालसिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में 15 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर, 17 जुलाई को संभाग मुख्यालयों पर पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री और सरकार की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान रणवीरसिंह महरिया, बीरबलसिंह, सुधेंद्र जोशी, सुषमा शर्मा, लिछमणाराम नायक, पूनम, मोहिनी, सुमन वर्मा, आशा राठौड़, गायत्री चौधरी, सम्पत चारण, मंजू मूंड, सरोज मीणा, विद्या सोनी, मनीष पारीक, श्यामसुंदर पारीक, रामकरण, गोपालराम, बजरंग तेतरवाल, रामचंद्र गोदारा, अशोक कुमार, रमेश सुथार, रमेश मेघवाल, राधा, नारायणराम, पवन कुमार शर्मा, अरविंद, मुकेश आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## 19 पट्टों का हुआ नवीनीकरण, कई समस्याओं का मौके पर समाधान

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2026 के अन्तर्गत वार्ड नं 57 व 58 तक का शिविर कार्यालय नगर परिषद् सुजानगढ़ के वीसी रूम में आयोजित हुआ। शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 19, पट्टा नवीनीकरण 09, पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 6, जीवीपी 6, सीवर कनेक्शन 17, नाली मरम्मत 2, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 22, स्ट्रीट लाईट 12, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 6, पीएम स्वनिधि 2, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 16, वृक्षारोपण 7, आज जोड़े गये पेंशनर्स की संख्या 5, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 13 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किये गया। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 3, ढीले तारों को व्यवस्थित 3 प्रकरण प्राप्त हुए। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 430 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 111 के प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 325 प्रकरण, आधार सिडिंग 3, आधार केवाईसी 1, एलपीजी आईडी केवाईसी 1 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद रामनिवास बुगालिया, हरिओम खोड, पंकज घासोलिया, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी, जावेद अली आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, एईएन चारवी, सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़ तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, बबिता मीणा, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, एमआईएस मैनेजर कृष्ण शर्मा, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के डॉ मनीष, नर्सिंग ऑफिसर दिलीप सिंह, एएनएम निर्मला, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, खाद्य विभाग हंसन खां, रजनीकांत फुलवाड़िया, सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता रामचन्द्र, रोजगार सहायक भवानी शंकर तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## दो शिक्षकों ने किया कार्य ग्रहण

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** बिसाऊ के सेठ दुर्गादत्त जाटिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लंबे समय से रिक्त पड़े भौतिक विज्ञान, अंग्रेजी वरिष्ठ अध्यापक के पदों पर सोमवार को दो शिक्षकों ने कार्य ग्रहण किया है। सरकार के स्थानांतरण आदेश के तहत विद्यालय में भौतिक विज्ञान के व्याख्याता संदीप कुमार सैनी तथा अंग्रेजी के वरिष्ठ अध्यापक जगदीप ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि इन पदों पर नियुक्ति होने से विद्यार्थियों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का लाभ मिलेगा तथा विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों के अध्ययन-अध्यापन को नई गति मिलेगी। अनुभवी शिक्षकों के जुड़ने से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और परीक्षा परिणामों में सकारात्मक सुधार होगा। इस अवसर पर इन दोनों शिक्षकों का साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। भौतिक विज्ञान का गत दो वर्षसे और अंग्रेजी वरिष्ठ अध्यापक का 3 वर्ष से पद खाली पड़े थे।

## शहरी सेवा शिविर आयोजित

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग द्वारा शहरी सेवा शिविर के तहत सोमवार को राजलदेसर नगर पालिका परिसर में वार्ड संख्या 26 से 30 के नागरिकों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सीताराम मीणा के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शिविर में कृषि भूमि से संबंधित 2 प्रकरण, धारा 69-ए के 2 प्रकरण, जन्म प्रमाण पत्र के 3 आवेदन, पेंशन योजना के 6 आवेदन, जन आधार के 9 आवेदन, आधार सीडिंग के 15 आवेदन तथा साफ-सफाई से संबंधित 9 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं जलदाय विभाग ने पेयजल से जुड़ी 3 समस्याओं का समाधान किया। चिकित्सा विभाग की ओर से 60 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उपचार एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान नगर पालिका के फायरमैन हुकुम सिंह, अर्जुन सिंह सहित गोविन्द, चन्दन सिंह, पायल सैन, महेन्द्र कुमार भार्गव, महिपाल, प्रेमरतन नाई, निर्मल, महेन्द्र मारू, राजकुमार, मनोज कुमार एवं अन्य पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बर्थडे पार्टी में दोस्त का कत्ल : युवती को थप्पड़ मारने पर चाकू से गोद डाला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के मानसरोवर थाना क्षेत्र स्थित आतिश मार्केट के इक्का क्लब में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि जन्मदिन की पार्टी खूनी संघर्ष में बदल गई। पार्टी के दौरान एक युवती को थप्पड़ मारने की बात पर हुए विवाद में बदमाशों ने अपने ही साथी अन्नू गुर्जर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी घायल अन्नू को खुद जयपुरिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की गंभीरता इसलिए भी बढ़ गई क्योंकि जांच में सामने आया कि पार्टी में शामिल दो आरोपी भरतपुर ओपन जेल के सजायाफ्ता बंदी हैं, जो जयपुर कैसे पहुंचे, इसे लेकर जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस हत्या, आरोपियों के आपराधिक नेटवर्क और ओपन जेल की सुरक्षा व्यवस्था तीनों पहलुओं पर समानांतर जांच कर रही है। डीसीपी साउथ राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि मृतक अन्नू गुर्जर धौलपुर जिले के बसेड़ी का निवासी था और जयपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह अपने ममेरे भाई कुलदीप उर्फ कल्लू गुर्जर के जन्मदिन समारोह में शामिल होने इक्का क्लब आया था। रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि करीब 2 से 2:30 बजे पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर अन्नू ने वहां मौजूद एक युवती को थप्पड़ मार दिया। युवती मुख्य आरोपी अनुज गुर्जर की परिचित बताई जा रही है। थप्पड़ की घटना के बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान क्लब की रसोई में इस्तेमाल होने वाले चाकू से अन्नू पर कई वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी ही घायल अन्नू को जयपुरिया अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हत्या की वजह केवल युवती को थप्पड़ मारने का विवाद था या इसके पीछे पहले से चली आ रही कोई रंजिश भी थी।

### तीन आरोपी हिरासत में, कई फरार

पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी अनुज गुर्जर, कुलदीप उर्फ कुल्लू गुर्जर और राजेश गुर्जर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं आकाश उर्फ क्षेत्रपाल, हनी गुर्जर, गजेंद्र गुर्जर सहित अन्य आरोपियों की तलाश में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस क्लब के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल फोन, लोकेशन और पार्टी में मौजूद लोगों के बयान खंगाल रही है।

### ओपन जेल से पहुंचे थे जयपुर

जांच में सामने आया कि कुलदीप उर्फ कुल्लू गुर्जर और राजेश गुर्जर भरतपुर ओपन जेल के सजायाफ्ता बंदी हैं। दोनों रविवार को पहले प्रताप नगर पहुंचे, जहां एयरपोर्ट क्षेत्र में कुछ लोगों से मुलाकात की। इसके बाद सभी लोग आतिश मार्केट स्थित इक्का क्लब पहुंचे। कुलदीप उर्फकुल्लू गुर्जर चर्चित गोल्डी हत्याकांड और जयपुर जेल में पाकिस्तानी नागरिक सकरुल्ला की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

### क्लब में थी मुख्य आरोपी की पार्टनरशिप

मानसरोवर थानाधिकारी लखन सिंह खटाना ने बताया कि मुख्य आरोपी अनुज गुर्जर भरतपुर के चर्चित डॉक्टर दंपती हत्याकांड का आरोपी है और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहा है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि जिस इक्का क्लब में वारदात हुई, उसमें अनुज की पार्टनरशिप भी है। पुलिस जांच में अभी तक मृतक अन्नू गुर्जर का कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। वह जयपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा था और अपने रिश्तेदार की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने आया था।

### ओपन जेल की व्यवस्था पर उठे सवाल

पुलिस ने भरतपुर ओपन जेल प्रशासन से जानकारी मांगी है कि दोनों सजायाफ्ता बंदी जयपुर कैसे पहुंचे। ओपन जेल के नियमों के अनुसार कैदियों को निर्धारित समय पर जेल परिसर में रहना अनिवार्य होता है। ऐसे में देर रात जयपुर के क्लब में उनकी मौजूदगी ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि दोनों बंदी जेल से बाहर कैसे निकले, जयपुर आने के दौरान किन-किन लोगों के संपर्क में रहे और इस पूरे घटनाक्रम में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं थी। डीसीपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में युवती को थप्पड़ मारने की घटना के बाद विवाद शुरू होने की बात सामने आई है। हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ जारी है। मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

## राजस्थान शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ (एसटीएफ आई) उपशाखा के तत्वावधान में ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज शर्मा के नेतृत्व तथा सभाध्यक्ष रामचंद्र ऐचरा एवं उपसभाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत के सानिध्य में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। इस अवसर पर प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य चौथमल चीनिया ने कहा कि सत्र प्रारंभ होते ही बड़े पैमाने पर हुए स्थानांतरणों से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। नामांकन अभियान के दौरान शिक्षकों के हटने से शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। असाध्य रोग से पीड़ित, विधवा, दिव्यांग एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के स्थानांतरण कर मानवीय संवेदनाओं की अनदेखी की गई है, जिससे शिक्षकों में भय और असुरक्षा का माहौल बना है। संघर्ष समिति संयोजक बजरंग बिस्सू, ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष बाबूलाल मुंदलिया, कार्यालय मंत्री मुकेश सैनी, शिक्षक नेता सतीश पुरोहित एवं रमेश महला ने कहा कि स्थानांतरणों से अनेक विद्यालयों में शिक्षकों का गंभीर असंतुलन पैदा हो गया है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावित होगी। प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी से ओबीसी सर्वे में लगे प्रगणकों को कार्यालय समय में आवश्यक शिथिलता देने संबंधी स्पष्ट आदेश जारी करने की भी मांग की। उपखंड अधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि इस संबंध में शीघ्र आवश्यक आदेश जारी किए जाएंगे। संगठन ने स्थानांतरण तत्काल निरस्त कर सभी संवर्गों के लिए पारदर्शी एवं स्थायी स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग की। मांगें नहीं मानी गई तो 15 जुलाई को जिला मुख्यालयों एवं 17 जुलाई को संभाग मुख्यालयों पर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश जाट, सोमप्रकाश जोशी, रामनिवास, भंवरलाल जाट, वीरेंद्र सिंह, मुकेश मीणा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190